www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:06 बजे
सूर्यास्त शाम 5:21 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-90 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज ब्रीफ

### पुतिन से मुलाकात रोकने पर राहुल का केंद्र पर वार

**नई दिल्ली**| कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उन्हें विदेशी नेताओं से मिलने नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। राहुल के अनुसार, "सरकार नहीं चाहती कि मैं बाहर से आने वाले लोगों से मिलूं। मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस नियम का पालन नहीं करते, यह उनकी असुरक्षा है। राहुल ने कहा कि पहले की सरकारों में विदेश से आने वाला कोई भी नेता विपक्ष से मिलता था, लेकिन अब केंद्र विदेशी मेहमानों को विपक्ष से न मिलने की सलाह देता है। उधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन 5–6 दिसंबर को भारत दौरे पर रहेंगे। उनका यह दौरा भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने के मौके पर हो रहा है।

### 19 मिनट का वीडियो ट्रेंड बना साइबर जाल

**नई दिल्ली।**|सोशल मीडिया पर 19 मिनट का वीडियो नाम से तेजी से वायरल हो रहे लिंक असल में फर्जी और खतरनाक साइबर स्कैम हैं। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में आपत्तिजनक सामग्री है, लेकिन इसकी वास्तविक उत्पत्ति स्पष्ट नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार इन लिंक पर क्लिक करने से मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है, जिससे डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड और अकाउंट हैकिंग का खतरा बढ़ जाता है। अश्लील सामग्री फैलाना IT Act की धारा 67, 67A और IPC की धारा 292, 293, 354C के तहत जेल और जुर्माने का दंडनीय अपराध है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे लिंक न खोलें, फर्जी अकाउंट्स पर भरोसा न करें और तुरंत रिपोर्ट करें।

### कैलिफोर्निया में F-16 विमान क्रैश, पायलट बचा

**कैलिफोर्निया।**अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक F-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से ठीक पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। दुर्घटना भारतीय समय के अनुसार रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया के ट्रॉना शहर के पास एक रेगिस्तानी क्षेत्र में हुई।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### जीएसटी कटौती का लाभ हो सकता है खत्म; आयातित कंपोनेंट्स पर निर्भर सेक्टर कीमतें बढ़ाने को मजबूर

# रुपया 90 पारः उपभोक्ता वस्तुएं होंगी महंगी इलेक्ट्रॉनिक्स से कार तक बढ़ सकते हैं दाम

**–सौंदर्य उत्पादों व लग्ज़री कारों पर भी असर**

समर न्यूज | चंडीगढ़/लुधियाना

जीएसटी कटौती का लाभ उठा चुके उपभोक्ताओं को अब महंगाई के लिए तैयार रहना होगा। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 90 रुपये से नीचे जाने के बाद कई सेक्टर जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ऑटोमोबाइल कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। जीएसटी दरों में कटौती के बाद जो बिक्री में सकारात्मक रुझान दिखा था, वह भी प्रभावित हो सकता है। आयातित कंपोनेंट्स पर निर्भर कंपनियों में चिंता बढ़ गई है। 22 सितंबर से लागू जीएसटी कटौती के बाद बढ़ते कच्चे माल की कीमतों के बावजूद कई कंपनियों ने संभावित सरकारी निगरानी के डर से कीमतें बढ़ाने में देरी की थी।

**रुपया गिरा तो क्या बढ़ेंगे दाम?**

एक मार्केट सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी और बड़े घरेलू उपकरणों के निर्माता दिसंबर–जनवरी से 3–7% तक कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं। इस कीमत बढ़ोतरी का उद्देश्य मेमोरी चिप्स, कॉपर और



अन्य कंपोनेंट्स की बढ़ती लागत की भरपाई करना है, जिनकी कीमतें रुपये की गिरावट के कारण बढ़ रही हैं। इन उत्पादों के निर्माण में 30–70% लागत आयातित सामग्री की होती है। फिलहाल कंपनियां रिटेलर्स को बढ़ी कीमतों के बारे में सूचित करना शुरू कर चुकी हैं। हावेल्स के एलईडी टीवी 3% महंगे होने वाले हैं, वहीं गोदरेज भी अगले माह करीब 7% इजाफा करने जा रही है। बिजनेस सेक्टर के एक्सपर्ट्स का मानना है कि लागत का अनुमान 85–86 रुपये प्रति डॉलर की दर से लगाया गया था, लेकिन रुपये के तेजी से 90 तक गिरने से गणना बदलनी पड़ेगी। कई कंपनियां अक्टूबर से कीमतों की सामान्य बढ़ोतरी टाल रही थीं ताकि उन्हें जीएसटी लागू होने के बाद लाभ कमाने का दोष न दिया जाए। इसका फायदा रुपये की कमजोरी और कंपोनेंट्स की बढ़ती कीमतों से खत्म हो जाएगा। ये माना जा रहा है कि जीएसटी राहत से जो मांग बढ़ी थी, वह फिर गिर सकती है। उपभोक्ता वस्तु कंपनियों ने निजी तौर पर सरकार को सूचित कर दिया है कि वे लगातार बढ़ती लागत को और अधिक झेल नहीं सकतीं। गोदरेज के प्रवक्ता के मुताबिक यदि रुपये में गिरावट जारी रही, तो मार्च तिमाही में अतिरिक्त वृद्धि करनी पड़ेगी। जीएसटी से मिला फायदा पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

### ब्यूटी सेक्टर

*भारत का तेजी से बढ़ता ब्यूटी बाज़ार भी आयात लागत में बढ़ोतरी से जूझ रहा है। कॉस्मेटिक्स पर जीएसटी 18% है और मुद्रा अवमूल्यन से संबंधित बढ़ी लागत की भरपाई के लिए कोई राहत नहीं है। लंबे समय तक लागत दबाव झेल पाना मुश्किल होगा, इसलिए हाई-एंड इंपोर्टेड उत्पादों में कीमत समायोजन अनिवार्य हो सकता है।*

### ऑटो सेक्टर

*लुधियाना लाली मोटर्स के निदेशक सर्बदीप सिंह लाली ने बताया कि फिलहाल दिसंबर में ईयर एंडर का ऑफर रेट रहेगा, लेकिन इनपुट टैक्स की वजह से जनवरी में जरूर कारों की कीमतों में कुछ इजाफा देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां नए साल में अपडेटेड मॉडल और सुरक्षा फीचर जोड़ने के साथ कीमतों को एडजस्ट करती हैं, जिससे दर बढ़ना लगभग तय है।*



सर्बदीप सिंह लाली


*मर्सिडीज़-बेंज के प्रवक्ता के मुताबिक लक्ज़री वाहनों की कीमतें कमजोर मुद्रा के कारण बढ़ेंगी। प्रतिद्वंद्वी कंपनी ऑडी भारत भी बाजार की स्थिति का मूल्यांकन कर रही है। अभी कीमत बढ़ोतरी पर निर्णय नहीं लिया गया है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आयातित कंपोनेंट्स पर खर्च और बढ़ा, तो अधिकांश लग्ज़री ब्रांड फरवरी तक नई कीमतें लागू कर सकती हैं।*

## विदेशी निवेश घटते ही आरबीआई ने बदली रणनीति, अब केवल उतार–चढ़ाव की लगाम पर ध्यान

समर न्यूज | नई दिल्ली

विदेशी निवेश में कमी और बढ़ते व्यापार घाटे के बीच रिज़र्व बैंक (RBI) ने रुपये के प्रबंधन की अपनी रणनीति में बदलाव किया है। अब केंद्रीय बैंक रुपये को किसी खास स्तर पर रोकने के बजाय लचीले विनिमय दर को अपनाता दिख रहा है। पिछले सात ट्रेडिंग सत्रों में रुपये में 1.3% की गिरावट आई और यह 90.42 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। सालाना आधार पर रुपया अब 5.5% गिर चुका है, जिससे वह एशिया की सबसे कमजोर मुद्रा बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह संकेत देता है कि आरबीआई अब किसी खास स्तर की रक्षा नहीं कर रहा है।

RBI अब केवल अत्यधिक उतार–चढ़ाव और सट्टेबाजी को रोकने के लिए हस्तक्षेप कर रहा है, न कि रुपये को किसी तय सीमा पर बनाए रखने के लिए। यह बदलाव ऐसे समय आया



है जब विदेशी निवेशक साल की शुरुआत से अब तक 17 अरब डॉलर से अधिक की इक्विटी बेच चुके हैं, जबकि एफडीआई और विदेशी बॉन्ड फंडिंग में भी तेज गिरावट आई है। एक अधिकारी के अनुसार, जब व्यापारिक जरूरतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ती है, तब केंद्रीय बैंक रुपये को "पहले की तुलना में ज्यादा स्वतंत्र" चलने देता है।

**कमजोर रुपया, मजबूत अर्थव्यवस्था का विरोधाभास**

दिलचस्प तथ्य यह है कि रुपया कमजोर होने के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत है। जुलाई–सितंबर तिमाही में GDP 8.2% की वृद्धि दर्ज कर चुका है। वैश्विक निवेशकों के लिए रुपये की गिरावट नई अनिश्चितता पैदा करती है।

**रुपया 90 परः आगे क्या?**

4 दिसंबर को रुपया और गिरकर 90.41 पर खुला। यह गिरावट भारत–अमेरिका व्यापार समझौते में प्रगति न होने और इक्विटी निवेश के लगातार बाहर निकलने के कारण आई। 90 का स्तर टूटते ही स्टॉप-लॉस ऑर्डर और स्वचालित ट्रेडिंग ने गिरावट तेज कर दी। इस दौरान तेल, धातु और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आयात–आधारित सेक्टरों की भारी डॉलर मांग ने भी दबाव बढ़ाया।

2024 में 5% से अधिक गिरावट और अमेरिकी टैरिफ से निर्यात प्रभावित होने के कारण रुपया एशिया की सबसे कमजोर मुद्राओं में शामिल है। विश्लेषकों का मानना है कि व्यापार विवाद सुलझने, वैश्विक जोखिम धारणा सुधरने और विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने पर रुपये में सुधार शुरू हो सकता है।

**• अब तक का सबसे भयावह आंकड़ा**

## 2024 में सड़क हादसों से मौतों का आंकड़ा 1.77 लाख पार

समर न्यूज | नई दिल्ली

भारत में 2024 के दौरान सड़क हादसों में हुई मौतों की संख्या 1.77 लाख के पार पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने लोकसभा में अपने लिखित जवाब में पिछले वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों की संख्या साझा की। मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से मिले आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी गई। 2023 में सड़क हादसों में लगभग 1.73 लाख लोगों की जान गई थी। लोकसभा में डीएमके सांसद ए. राजा के प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2024 में सभी श्रेणियों की सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,77,177 लोगों की मौत हुई, जिसमें पश्चिम बंगाल का डेटा ई–डीएआर पोर्टल के आधार पर शामिल है।

एक अन्य जवाब में मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई मौतों के आंकड़े



भी साझा किए। उन्होंने बताया कि 2024 में केवल राष्ट्रीय राजमार्गों पर 54,433 लोगों की मौत हुई, जो देश में सड़क हादसों में होने वाली कुल मौतों का लगभग 31% है।

### • विशेषज्ञों की चेतावनी और सुझाव

सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ लगातार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि हर घातक दुर्घटना की वैज्ञानिक जांच होनी चाहिए और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, तभी मौतों की संख्या कम की जा सकती है।

एक विशेषज्ञ ने कहाः"सरकार को इस संकट से निपटने के लिए केवल कुछ संगठनों पर निर्भर रहने के बजाय अधिक नागरिक संगठनों और गैर-सरकारी संस्थाओं को शामिल करना चाहिए, क्योंकि समस्या का पैमाना बेहद बड़ा है।

## बिक्रम मजीठिया को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इंकार

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने वीरवार को कथित धन शोधन मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया की ज़मानत याचिका खारिज कर दी। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त महाधिवक्ता फेरी सोफत ने कहा कि मजीठिया को अवैध धन हस्तांतरण के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और इन्हीं लेन-देन के आधार पर अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। मजीठिया ने लंबी हिरासत का हवाला देते हुए मामले में ज़मानत की मांग करते हुए राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया था।

वकील फेरी सोफत के मुताबिक विभिन्न कंपनियों के माध्यम से अवैध धन हस्तांतरण की एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। मजीठिया की दलील थी कि कार्यवाही और हिरासत को लंबा खींच दिया गया है, और यह सब एक राजनीतिक प्रतिशोध है। अदालत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आज उनकी याचिका खारिज कर दी। मनी लॉन्ड्रिंग के लेन-देन में कई फर्जी कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों में साइप्रस से धन हस्तांतरित किया गया था,



बिक्रमजीत सिंह मजीठिया -समर न्यूज

और इन सभी तर्कों के आधार पर, अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 25 जून को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामले में पंजाब के पूर्व मंत्री को अमृतसर स्थित उनके घर की तलाशी के बाद हिरासत में ले लिया। अगले दिन उन्हें मोहाली लाया गया, और अदालत ने उन्हें सतर्कता ब्यूरो के तहत हिरासत में भेज दिया। 8 जुलाई को, उनकी प्रारंभिक ज़मानत याचिका पर सुनवाई के दौरान, अभियोजक ने कहा कि प्रस्तुत ज़मानत आवेदन में कुछ त्रुटियाँ हैं, जिसके बाद अदालत ने निर्देश दिया कि आवेदन फिर से दायर किया जाए। उनकी गिरफ़्तारी के बाद, शिरोमणि अकाली दल के नेता दलजीत एस चीमा ने पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए सुरक्षा उपायों की आलोचना की थी और इसकी तुलना आपातकाल से की थी।

## पुतिन का भारत आगमन, गर्मजोशी से स्वागत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव किया। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले लगाया। मोदी और पुतिन एक ही गाड़ी में बैठकर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। रूस–यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### मानव तस्करी के मामले में पंजाब सबसे आगेः विदेश मंत्री जयशंकर

# राज्यसभा में खुलासा, अमेरिका से 2009 के बाद 18,822 भारतीय लौटाए गए

समर न्यूज | नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में खुलासा किया कि वर्ष 2009 से अब तक कुल 18,822 भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने निर्वासित किया है, जिनमें सिर्फ जनवरी 2025 से अब तक 3,258 भारतीय शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन निर्वासन मामलों में बढ़ते मानव तस्करी नेटवर्क की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिसकी जांच राष्ट्रीय एजेंसियों और विभिन्न राज्यों की पुलिस कर रही हैं। जयशंकर राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी और राज्य पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रवृत्ति खासकर उन राज्यों में देखने को मिल रही है, जहां कनाडा, अमेरिका और यूरोप जाने की चाहत रखने वाले लोगों की संख्या अधिक है, विशेषकर पंजाब और हरियाणा।

विदेश मंत्री के अनुसार, वर्ष 2023 में 617, जबकि 2024 में 1,368 भारतीयों को निर्वासित कर वापस भेजा गया। उन्होंने बताया, "जनवरी 2025 से अब तक 3,258 भारतीय अमेरिका से भारत भेजे गए हैं, जिनमें से 62.3% यानी 2,032 लोग नियमित वाणिज्यिक उड़ानों से लौटे, जबकि 37.6% यानी 1,226 लोग अमेरिकी ICE/CBP द्वारा संचालित चार्टर फ्लाइट्स से लाए गए। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका में मौजूद भारतीयों को निर्वासित करने की प्रक्रिया अब अधिक कड़ी हो गई है। इसके तहत ट्रैफिकिंग, फर्जी दस्तावेज़ और सीमा पार प्रवेश जैसी अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को तत्काल वापस भेजा जा रहा है।

**भारत देगा सुरक्षा, अमेरिका से जारी रहेगा संवाद**

विदेश मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि भारत लौटाए गए प्रत्येक व्यक्ति से सरकार संपर्क करती है, और उनके अनुभव के आधार पर राज्यों तथा केंद्र की एजेंसियों द्वारा FIR और कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि निर्वासन प्रक्रिया मानवीय दृष्टि से संवेदनशील बने, और इसके लिए अमेरिका के साथ निरंतर वार्ता जारी रहेगी। जयशंकर ने स्पष्ट कहा सरकार भारतीय नागरिकों के सम्मान और सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी।

### मानव तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, पंजाब सबसे प्रभावित

*विदेश मंत्री ने बताया कि NIA ने अब तक मानव तस्करी के 27 मामलों की FIR दर्ज कर 169 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 132 के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। पिछले कुछ महीनों में हरियाणा और पंजाब में दो-दो बड़े तस्करों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि हिमाचल प्रदेश में भी दो आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पंजाब में मानव तस्करी के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं, जहां राज्य सरकार ने SIT (विशेष जांच दल) और तथ्य-अन्वेषण समिति गठित की है। संसद में जयशंकर ने बताया, "पंजाब में 58 अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, जिनमें से 25 FIR दर्ज और 16 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। हरियाणा में स्थिति कुछ अलग है। यहां 2,325 मामले दर्ज हुए और 44 FIR लिखी गई, जिनमें 27 गिरफ्तारियां हुईं। गुजरात में भी एक प्रमुख तस्कर की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई।*

### महिलाओं और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पर भारत की नाराजगी

*अमेरिका में निर्वासन प्रक्रिया के दौरान महिलाओं और बच्चों के साथ किए जा रहे दुव्यवहार पर भारत ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। जयशंकर ने बताया कि भारतीय सरकार ने विशेष रूप से हथकड़ी और पाबंदियां लगाने के मुद्दे पर अमेरिकी अधिकारियों से विरोध जताया है। उन्होंने कहा, "पांच फरवरी की चार्टर उड़ान के बाद से महिलाओं और बच्चों को बेड़ियां पहनाने की कोई घटना हमारे संज्ञान में नहीं आई है। इसके बावजूद, भारत ने कुछ मामलों में अमेरिकी हिरासत के दौरान दुर्व्यवहार की शिकायतें उठाई हैं। जयशंकर ने हरजीत कौर (73 वर्ष) का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें हथकड़ी नहीं लगाई गई, लेकिन हिरासत में उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। यह मामला सितंबर 2025 में औपचारिक रूप से अमेरिकी दूतावास के सामने उठाया गया है।*

## बाबरी मस्जिद पर विधायक का बयान, टीएमसी ने किया निलंबित

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की कसम खाई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने एक बयान में कहा कि टीएमसी नेतृत्व ने कबीर को ऐसी कोई विवादास्पद टिप्पणी करने से मना किया था। पिछले महीने, कबीर ने कहा था कि वह 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति की आधारशिला रखेंगे। उसी दिन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मूल मस्जिद को गिराया गया था। उन्होंने कहा था कि मस्जिद के निर्माण में तीन महीने लग सकते हैं। पश्चिम बंगाल के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी की मंजूरी और हमारे महासचिव अभिषेक बनर्जी की सहमति से पार्टी ने हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया है। फिरहाद हकीम ने कहा कि हमने देखा कि मुर्शिदाबाद से हमारे एक विधायक ने अचानक घोषणा कर दी कि वह बाबरी मस्जिद का निर्माण करेंगे।

हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी। टीएमसी के फैसले के अनुसार, हम विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर रहे हैं। टीएमसी से निलंबन के बाद, कबीर ने कहा कि वह अगले महीने एक नई पार्टी का गठन करेंगे और अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे। पश्चिम बंगाल के डेबरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक कबीर ने एएनआई के हवाले से कहा कि मैं कल टीएमसी से इस्तीफा दे दूँगा। अगर ज़रूरत पड़ी, तो 22 दिसंबर को एक नई पार्टी की घोषणा करूँगा।

# डेढ़ साल से बुज़ुर्ग फंसा, निजी एजेंट 18 हजार की कर रहे मांग और दे रहे धमकी

## जालंधर में बिजली मीटर लगाने के लिए रिश्वत की मांग का गंभीर मामला

**समर न्यूज़ | जालंधर**

जालंधर में केंद्र सरकार के रिटायर्ड कर्मचारी कुलदीप सिंह पिछले डेढ़ साल से अपने घर में नया बिजली मीटर लगवाने के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि विभाग से जुड़े कुछ निजी एजेंट उनसे लगातार 18,000 रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं और धमकी देते हैं कि बिना पैसे दिए मीटर नहीं लगाया जाएगा।

कुलदीप सिंह ने बताया कि इन निजी एजेंटों की विभाग के अधिकारियों, खासकर एसडीओ और JE, के साथ मिलीभगत है। उनका कहना है कि विभाग में वर्षों से यह प्रणाली बन चुकी है, जहां कुछ अधिकारी और निजी लोग मिलकर आम लोगों से अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने



कुलदीप सिंह। - समर न्यूज़

यह भी आरोप लगाया कि उनके मीटर के पेपर अचानक रद्द कर दिए गए और यह जानकारी कैसे प्राइवेट एजेंटों तक पहुंची, समझ में नहीं आ रहा। कुलदीप सिंह का कहना है कि एजेंटों ने उन्हें कहा कि "आपका मीटर एसडीओ ने कैंसिल कर दिया है। आप जितनी बार चाहो बिजली विभाग के चक्कर लगा सकते हो, लेकिन मीटर नहीं लगेगा।"

कुलदीप सिंह ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान उनकी पत्नी और उनके परिवार के बीच भी तनाव पैदा हो गया। वह कहते हैं कि इतनी उम्र होने के बावजूद उन्हें विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और उनके प्रयासों के बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, सरकारी पोर्टल्स पर आवेदन किए हैं और संबंधित अधिकारियों को भी जानकारी दी है, लेकिन किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई।

बिजली विभाग के एसडीओ का कहना है कि कुलदीप सिंह किसी एजेंट के पास फंस गए होंगे और विभाग की ओर से किसी ने पैसा नहीं मांगा। उनका कहना है कि विभाग पूरी तरह पारदर्शी तरीके से काम कर रहा है और एजेंटों की कथित मांगों में विभाग का कोई हाथ नहीं है। कुलदीप सिंह ने प्रशासन और पंजाब सरकार से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि ऐसे मामलों को अनदेखा किया गया तो आम जनता को बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी अवैध दबाव और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता रहेगा। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई से ही अन्य लोगों को राहत मिल सकेगी और भविष्य में इस तरह की अवैध वसूली पर रोक लगाई जा सकेगी।

यह मामला जालंधर में बिजली विभाग में भ्रष्टाचार और एजेंट प्रणाली की गंभीरता को उजागर करता है और आम नागरिकों की परेशानियों को सामने लाता है।

# जिन्हें लाज से मुंह छिपाना था, वो जलसे मना रहे हैं

## कांग्रेस सुशासन की नहीं दुःशासन की सरकारः अनुराग सिंह ठाकुर

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में शनिवार को भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़े प्रदर्शन का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारी जनसभा को संबोधित करते हुए मौजूदा हिमाचल सरकार पर वित्तीय, प्रशासनिक और कानून-व्यवस्था संबंधी अक्षमता के गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा तीन वर्षों के शासन को 'व्यवस्था परिवर्तन' बताया जा रहा है, जबकि इन तीन वर्षों में हिमाचल को आर्थिक संकट, बदहाल प्रशासन और बढ़ते अपराधों का सामना करना पड़ा है।

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने जिस विकास मॉडल और आर्थिक ढांचे की नींव मजबूत की थी, कांग्रेस शासन ने उसे ध्वस्त कर दिया। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य पर मात्र तीन साल में एक लाख करोड़



रुपये का कर्ज चढ़ जाना 'वित्तीय आपातकाल' जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी संपत्तियों की नीलामी तथा आम जनता पर कर भार बढ़ाकर भी सरकार अपनी आर्थिक स्थिति संभाल नहीं पा रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि जनता जिनसे विकास की उम्मीद रखती थी, वही सरकार अब राज्य को दिवालिया बनाने की ओर ले जा रही है।

ठाकुर ने तंज करते हुए कहा, "हिमाचल वह राज्य है, जहां कामदार विपक्ष में हैं और आरामदार सरकार में।" उन्होंने दावा किया कि जनता ने 2027 के चुनाव में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। ऊना, पांवटा साहिब और संजौली में हुए कथित हिंदू विरोधी विवादों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों पर कार्रवाई करती है जबकि दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती।

संजौली में कथित अवैध मस्जिद निर्माण पर भी ठाकुर ने सरकार से जवाब मांगा। इसके अलावा, उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध, हत्याएं, फायरिंग की घटनाओं, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि और खनन माफियाओं के प्रभाव को गंभीर चिंता का विषय बताया। ठाकुर ने आरोप लगाया कि माफियाओं को सरकारी संरक्षण हासिल है और अवैध खनन आपदाओं तक का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध और भ्रष्टाचार के इस दौर में कांग्रेस सरकार जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील बनी हुई है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

**समर न्यूज़ | तरनतारन**

तरनतारन के वेरोवाल थाना क्षेत्र में देर शाम एक बड़ा मामला सामने आया, जहां नाका तोड़कर फरार हुए हथियारबंद बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी राकेश भारती निवासी ब्यास के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, थाना वेरोवाल से नागोके के बीच लगाए गए नाके पर पुलिस ने एक बिना नंबर की गाड़ी को रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक तेज रफ्तार में नाका तोड़कर भाग निकला। जब पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी।

घटना के बाद पुलिस ने मौके से बिना नंबर की कार, दो पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना वेरोवाल में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# कंगना रनोट की बठिंडा कोर्ट में पेशी टली


## लोकसभा सत्र का हवाला, अगली सुनवाई 15 दिसंबर को

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट को आज बठिंडा कोर्ट में पेश होना था, लेकिन अदालत ने उनकी हाज़िरी 15 दिसंबर तक के लिए टाल दी है।

कंगना की ओर से उनके वकील ने दलील दी कि वे इस समय लोकसभा सत्र में हिस्सा लेने के कारण अदालत में उपस्थित नहीं हो सकीं। वहीं, शिकायतकर्ता महिंदर कौर और उनके एक गवाह की अदालत में पेशी हुई।

यह मामला किसानों के आंदोलन के दौरान हुए विवाद से जुड़ा है। बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की 81 वर्षीय महिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दावा किया था कि आंदोलन में शामिल महिलाएं 100-100 रुपए लेकर आती हैं और एक बुजुर्ग



कंगना रनोट। - समर न्यूज़

महिला की तस्वीर पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की थी।

महिंदर कौर ने 4 जनवरी 2021 को यह मामला दायर किया था। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद कंगना को समन जारी कर पेश होने के निर्देश दिए गए।

हालांकि उन्होंने इस केस को रद्द कराने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली।

कंगना की टिप्पणी के बाद महिंदर कौर ने भी जवाब देते हुए कहा था कि वे खेती-किसानी से जीवन चलाती हैं और 100 रुपए के लिए धरने में शामिल होने का आरोप अपमानजनक है। अब कोर्ट में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी।

# तरनतारन के बच्चों की अंतरराष्ट्रीय खेलों में चमक

## मलेशिया से जीते तीन गोल्ड मेडल

**समर न्यूज़ | तरनतारन**

पंजाब के तरनतारन ज़िले के सरहदी गांवों के बच्चों ने मलेशिया की धरती पर शानदार प्रदर्शन करते हुए गैविन वन ड्रीम पैरा ताइक्वांडो सांस्कृतिक और चैम्पियनशिप 2025 में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता मलेशिया के फ्रीपोर्ट ए फ़ेमोसा आउटलेट में आयोजित हुई, जिसमें बांग्लादेश, थाईलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, पुर्तगाल, चीन, जापान, इटली और सिंगापुर सहित कई देशों की टीमें शामिल हुईं।


कड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के बीच तरनतारन के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र, अपने स्कूल और देश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मैडम प्रितपाल कौर ने बच्चों की मेहनत और कोचों की लगन की सराहना करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने न सिर्फ तरण तारण बल्कि पंजाब और पूरे देश को गर्व महसूस करवाया है। उन्होंने बताया कि मलेशिया में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ये युवा खिलाड़ी न्यूज़ीलैंड में होने वाली अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा, "जिस तरह बच्चों ने मलेशिया में कमाल दिखाया, उसी तरह वे न्यूज़ीलैंड में भी बड़ी जीत हासिल करेंगे।"प्रितपाल कौर ने आगे कहा कि बच्चों की लगातार मेहनत, कोचों की मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। आने वाले समय में यही बच्चे देश का भविष्य बनेंगे और खेलों के मैदान में देश का नाम और भी ऊंचा करेंगे।

# नीला ड्रम कांड : जेल में बंद मुस्कान ने बेटी से मिलने की इच्छा जताई

**समर न्यूज़ | उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश के चर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में जेल में बंद मुस्कान ने अपनी नवजात बेटी राधा को प्रेमी साहिल को दिखाने की इच्छा जताई है। मुस्कान और साहिल दोनों ही अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में मेरठ जेल में बंद हैं। कुछ दिन पहले मुस्कान ने जेल में ही बच्ची को जन्म दिया था। मुस्कान ने जेल प्रशासन से कहा कि वह अपनी बेटी का चेहरा साहिल को दिखाना चाहती हैं, लेकिन जेल नियमों के अनुसार बंदियों को इस तरह की मुलाकात की अनुमति नहीं है। इसी वजह से जेल प्रशासन ने उनकी मांग को ठुकरा दिया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुस्कान अपनी बेटी को साथ लेकर अदालत में पेश हो सकती हैं, जहां साहिल बच्ची को देख पाएंगे। अंतिम फैसला अदालत की अनुमति



आरोपी मुस्कान और साहिल -समर न्यूज़

पर निर्भर करेगा। जेल के डॉक्टरों की टीम मुस्कान और राधा की लगातार मेडिकल निगरानी कर रही है। दोनों स्वस्थ हैं।

मुस्कान रोज़ दो-तीन घंटे तक बच्ची को धूप में बैठाती हैं, वहीं जेल की महिला बंदियों की मदद से राधा की देखभाल भी की जा रही है।

नीला ड्रम कांड 3 मार्च 2025 की रात की घटना है। ब्रह्मपुरी क्षेत्र के इंदिरा नगर में मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या की थी। सौरभ को पहले नशीला पदार्थ दिया गया और फिर सीने में चाकू मारकर मौत के घाट उतारा गया। बाद में लाश को टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में डालकर सीमेंट से भरा गया। 18 मार्च को पुलिस ने मामले का खुलासा किया और 19 मार्च से मुस्कान व साहिल जेल में हैं। हत्या मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में जारी है। सौरभ हत्याकांड में 14 गवाहों और मुख्य विवेचक की गवाही पूरी हो चुकी है, जबकि गुरुवार को दूसरे विवेचक की गवाही होने की संभावना है। मुख्य गवाहों के बयान पूरे होने के बाद केस तेजी से अंतिम चरण में पहुंच रहा है और अदालत जल्द फैसला सुना सकती है।

कानून के अनुसार नवजात बच्चे की देखभाल कर रही महिला बंदी को छह महीने तक की पैरोल मिल सकती है, बशर्ते उसके वकील द्वारा याचिका दायर की जाए। फिलहाल मुस्कान की ओर से पैरोल के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है। परिवार का कोई सदस्य भी उनसे मिलने नहीं आया है, इसलिए मुस्कान फिलहाल बेटी के साथ जेल में ही रह रही हैं।

# पटियाला में चलती ऑर्बिट बस में लगी भीषण आग

## 20–25 यात्रियों की जान बाल-बाल बची



बस में लगी आग का दृश्य। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पटियाला जिले के गांव चन्नों के पास सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक प्राइवेट ऑर्बिट बस में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही सेकेंडों में आग पूरी बस में फैल गई और वाहन आग का गोला बन गया। हादसे के वक्त बस में 20 से 25 यात्री सवार थे, जिन्हें समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई। बस से उठने वाला घना धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था और वीडियो में आसमान में उठते धुएं के बड़े गुबार साफ नजर आए। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग और पुलिस ने आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जापान दौरे पर सीएम ने 500 करोड़ निवेश सुरक्षित किया

## पंजाब की ओर से टोयोटा की स्टील कंपनी आइची स्टील कॉर्पोरेशन के साथ समझौता संपन्न

**समर न्यूज़ | टोकियो**

अपने जापान दौरे के तीसरे दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज प्रदेश के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश सुरक्षित किया है, जिसमें जापान की स्टील कंपनी आइची स्टील ने प्रदेश में वर्धमान स्पेशल स्टील्स के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

आइची स्टील और वर्धमान स्पेशल स्टील्स ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक स्वर्णिम दिन है क्योंकि आइची स्टील कॉर्पोरेशन, जिसे टोयोटा की स्टील शाखा के रूप में जाना जाता है, ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि आइची स्टील की वर्धमान में पहले से ही लगभग 24.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यह मुख्य तकनीकी साझेदार के रूप में पंजाब के औद्योगिक परिवेश में एक मजबूत तथा विकसित हो रही भारत-जापान साझेदारी का प्रतीक है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जापान की अग्रणी स्टील कंपनी पंजाब में भविष्य की फैक्ट्री संचालन का अध्ययन करेगी,



टोयोटा की स्टील कंपनी के साथ समझौते समें उपस्थित मुख्यमंत्री । - समर न्यूज़

जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपये के संभावित निवेश के लिए मूल्यांकन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्धमान स्पेशल स्टील्स के साथ आइची स्टील की साझेदारी को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए पंजाब सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा जापानी कंपनियों को प्रदेश में उनके कारोबार और संचालन के विस्तार में सहायता करना पंजाब की प्रमुख प्राथमिकता है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि आइची ग्रुप का तकनीकी सहयोग और वर्धमान ग्रुप की विशेषज्ञता प्रदेश में औद्योगिक क्रांति के नए युग की शुरुआत करेगी। मुख्यमंत्री ने आइची को 13-15 मार्च, 2026 को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, मोहाली में होने वाले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में भाग लेने का न्योता भी दिया ताकि गहन भागीदारी और विस्तारित निवेश को और प्रोत्साहित किया जा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह सम्मेलन पंजाब के विकास को दर्शाता है, जिसमें अग्रणी औद्योगिक दिग्गजों को एक मंच पर लाकर साझेदारी और सहयोग के नए अवसर प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जापानी निवेशक इस सम्मेलन में बड़े पैमाने पर शामिल होंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को भारी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पंजाब सरकार प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को उजागर कर रही है, सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाएं तलाश रही है और जापानी उद्योग के साथ लंबे समय की साझेदारी को और गहरा कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब आज भारत के सबसे अधिक कारोबार-अनुकूल राज्यों में से एक है और भारत सरकार ने व्यापार सुधार कार्य योजना (बी.आर.ए.पी.) 2024 रैंकिंग में पंजाब को अग्रणी के रूप में मान्यता दी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश सरकार द्वारा कारोबार को सुगम बनाने, पारदर्शिता और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दूरंदेशी सोच है, जो नीति में स्थिरता, समय पर निर्णय लेना और निवेशकों के समय तथा विश्वास का सम्मान करने वाली शासन प्रणाली प्रदान करना है, ताकि पंजाब को वैश्विक स्तर पर उद्योग के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाया जा सके। पंजाब का दृष्टिकोण साझेदारों और उद्योगों के साथ मिलकर काम करना, उनकी जरूरतों को समझना और सरकार की ओर से विकास को सुनिश्चित करना है। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पंजाब ने अपने बुनियादी ढांचे को और मजबूत करते हुए औद्योगिक क्षमता का विस्तार कर चुका है और निवेश के नए रास्ते खोल चुका है।

# बठिंडा में कार सवार से 70 हजार लूटे, पुलिस जांच में जुटी



तोड़फोड़ हुए कार। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

संतपुरा रोड पर देर रात एक चिंताजनक घटना सामने आई, जहां तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों ने एक कार चालक को घेरकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कार सवार से लगभग 70 से 80 हजार रुपए लूट लिए और गुस्से में उसकी कार को बुरी तरह तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। अचानक हुए इस हमले से चालक घबरा गया और किसी तरह दौड़कर अपनी जान बचाकर वहां से निकलने में कामयाब रहा। घटना की तस्वीरें सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



एसपी नरिंदर सिंह - समर न्यूज़

आरोपियों ने सुनसान सड़क का फायदा उठाकर कार को रोकते ही मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

बठिंडा सिटी के एसपी नरिंदर सिंह ने बताया कि मामले में लूट की पुष्टि हो चुकी है और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

# अहमदाबाद में इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी

**समर न्यूज़ | अहमदाबाद**

मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक यात्री ने दावा किया कि उसके पास बम है।

धमकी मिलने के बाद विमान को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। उस समय विमान में करीब 180 यात्री सवार थे। चालक दल ने




तुरंत अधिकारियों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद विमान का मार्ग बदलकर उसे सुरक्षित रूप से अहमदाबाद में उतारा गया।

विमान सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की पूरी गहन जांच की, लेकिन किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता नहीं चला। बम की धमकी देने वाले यात्री को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ जारी है। इस घटना के दौरान विमान में सवार यात्रियों में डर और तनाव का माहौल बना रहा। हालांकि, अधिकारियों ने स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लिया और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। फिलहाल फ्लाइट के अन्य परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

यह घटना हवाई यात्रा सुरक्षा में सतर्क रहने की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर करती है, जबकि झूठी धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**लोकसभा** सुरक्षा और संसदीय मर्यादा बनाए रखने के लिए मोबाइल से फोटो ना खींचे

# लोकसभा में फोटोग्राफी पर सख्त पाबंदी : ओम बिरला

**समर न्यूज़ | पंजाब**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने हाल ही में विंटर सेशन के दौरान एक सांसद को सदन के अंदर फोटो लेने से रोका। यह प्रतिबंध संसदीय नियमों और सुरक्षा कारणों से लगाया गया है।

लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों, पत्रकारों या किसी भी व्यक्ति को मोबाइल या कैमरा से फोटो, वीडियो या लाइव रिकॉर्डिंग की अनुमति



लोकसभा स्पीकर - समर न्यूज़


नहीं है। केवल आधिकारिक लोकसभा टीवी, राज्यसभा टीवी या सचिवालय के कैमरे ही रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। मोबाइल से सेल्फी या फोटो लेना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है, जिस पर स्पीकर तत्काल कार्रवाई कर सकते हैं।

संसद परिसर भारत का सबसे संवेदनशील स्थान है, जहां कैमरे, स्पाई कैमरे और स्मार्टफोन सीधी सुरक्षा खतरा पैदा करते हैं। 2023 के सुरक्षा उल्लंघन के बाद ये नियम और सख्त हो गए। आगंतुकों, अधिकारियों और स्टाफ को भी फोटोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है, जो रणनीतिक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

नियम तोड़ने पर चेतावनी, सदन से बाहर निकालना या प्रवेश पर बैन लग सकता है। सभागृह के बाहर कुछ क्षेत्रों में फोटो की अनुमति है, लेकिन संवेदनशील जगहों पर सख्त पाबंदी बरकरार है। इससे संसद की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

## मैं बोलूंगा तो...

# पिंजर में तेंदुआ आया न बकरी गई, फंसा तो बस 'जुगाड़ू' इंसान!



समर न्यूज | चंडीगढ़

लालच वाकई बुरी बला है-ये बात हम बचपन से सुनते आए हैं, पर जिस युवक ने बहराइच में वन विभाग के तेंदुए वाले पिंजरे में घुसकर बकरी चुराने की कोशिश की, उसने शायद यह कहावत किसी ऑनलाइन सेल समझकर स्क्रॉल कर दी होगी। उसे क्या पता था कि आज किस्मत ने "बाय वन गेट वन" ऑफर लगा रखा है-बकरी के साथ मुफ्त में पिंजरे की स्कीम भी! वन विभाग ने पूरा इंतज़ाम किया था: मजबूत पिंजरा, चारे के रूप में बंधी बकरी, और उम्मीद कि तेंदुआ रात को आएगा और जाल में फँस जाएगा। पर तेंदुआ भी समझदार निकला—शायद उसने सोचा होगा, "ये तो सरकारी जाल है, इसमें क्या जाने का!" जंगल का राजा होने के बावजूद उसके अंदर इतनी समझदारी थी कि दूरी बनाए रखी। लेकिन इंसान अहा, वो तो विकास की पराकाष्ठा है! जहाँ तेंदुआ नहीं फँसा, वहाँ हमारा 'होशियार' युवक खुशी-खुशी घुस गया। सोचिए, वो पल कैसा रहा होगा जब युवक ने पिंजरे का दरवाजा पीछे से टक की आवाज़ के साथ बंद होते सुना। तेंदुआ पकड़ने वाले पिंजरे में खुद फँस जाना एक अनोखा अनुभव रहा होगा—जैसे सरकारी नौकरी का फॉर्म भरने के बाद वेबसाइट क्रैश हो जाए। बाहर बंधी बकरी शायद अपने बगल में नई "प्रजाति" देखकर सोच रही होगी, "भाई, तेंदुआ आकर मुझे ले जाए तो समझ आता तू क्यों आया?" जब वन विभाग की टीम पहुंची, तो दृश्य वाकई फिल्मी रहा होगा। उम्मीद तेंदुए की थी, लेकिन पिंजरे में इंसान मिला—वो भी चोरी के 'मिशन' पर। अफसरों ने शायद मन ही मन सोचा होगा कि तेंदुए से भले नहीं, पर इंसानी लालच से जंगल वाकई खतरे में है।

अब युवक बेचारा क्या कहता? "बकरी घुमाने आया था?" या "रात की हवा लेने पिंजरे में घुसा था?" जो भी कहता, अदालत में उसकी दलील से ज्यादा उसकी हरकत ही हँसी दिलाती।

मुद्दा यह नहीं कि वह बकरी चुराने आया था या रोमांच की तलाश में। असली व्यंग्य यह है कि तेंदुआ, जिसे अक्सर खतरनाक कहा जाता है, उसने पिंजरे से दूरी बनाई। और इंसान, जिसे सबसे समझदार प्राणी माना जाता है, वही पिंजरे में जा फँसा।

जंगल के राजा ने खतरों को पहचानकर कदम पीछे खींचा, लेकिन 'सभ्य समाज' के इस प्रतिनिधि ने लालच में आंखें मूँद लीं। अंत में तेंदुआ आज़ाद रहा, बकरी सुरक्षित रही, और पिंजरे में बस इंसान की मूर्खता कैद हो गई। लालच सच में बुरी बला है—खासकर तब, जब तेंदुआ भी बच जाए लेकिन आप खुद जाल में फँस जाएँ!

#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



*आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। जीवन की भागदौड़ के बीच आज का दिन आपके लिए नई ऊर्जा और सकारात्मकता लेकर आए। हर कदम पर आत्मविश्वास आपका साथ दे और हर प्रयास में सफलता मिले। चाहे काम की जिम्मेदारियाँ हों या निजी जीवन के छोटे-बड़े सपने, सब कुछ सहजता से पूरा होता चले। रिश्तों में मिठास बनी रहे, मन में शांति और सोच में स्पष्टता रहे। आज का दिन आपको नई प्रेरणा दे, ताकि आप अपने लक्ष्य की ओर और दृढ़ता से बढ़ सकें। किसी भी चुनौती का सामना आप साहस और धैर्य के साथ करें, और हर परिस्थिति में खुद को मजबूत महसूस करें। छोटी-छोटी खुशियाँ भी आपके चेहरे पर मुस्कान लेकर आएँ और दिन का हर पल आपके लिए खास बने। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आज का दिन आपके जीवन में खुशियों की नई किरण लेकर आए और शाम तक संतोष और सफलता का एहसास कराए। शुभ दिवस!*

**डॉ. स्वाति खुराना**
**कंसल्टेंट फिजिशियन और क्लिनिकल कार्डियोलॉजिस्ट**

# ट्रम्प प्रशासन का नया प्रस्ताव: प्रोफेशनल डिग्रियों के लिए 2 लाख डॉलर की लोन सीमा हुई तय

## • अंडरग्रेजुएट छात्र अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार प्रति वर्ष 7,500 डॉलर तक उधार ले सकेंगे

एजेंसी | न्यूयार्क



अमेरिका अपने ग्रेजुएट शिक्षा ऋण नियमों में वर्षों के सबसे बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने 1 जुलाई, 2026 से लागू होने वाले नए फेडरल लोन कैप का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत यह तय होगा कि ग्रेजुएट और प्रोफेशनल स्टूडेंट्स कितनी राशि उधार ले सकेंगे और किन कार्यक्रमों को उच्चतम लोन सीमा का लाभ मिलेगा। इस कदम को उन्नत डिग्रियों के वित्तपोषण के अमेरिकी मॉडल में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

प्रस्ताव के अनुसार अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए मौजूदा उधारी नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आश्रित अंडरग्रेजुएट छात्र अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार प्रति वर्ष 7,500 डॉलर तक उधार ले सकेंगे। सबसे बड़े बदलाव ग्रेजुएट और प्रोफेशनल छात्रों को प्रभावित करेंगे, जो अभी तक ग्रेजुएट प्लस लोन के ज़रिए अपनी पढ़ाई की कुल लागत तक का ऋण ले सकते थे।

मसौदा नियम में कहा गया है कि ग्रेजुएट छात्रों के लिए वार्षिक उधारी सीमा 20,500 डॉलर और कुल अधिकतम सीमा 100,000 डॉलर। इसके अलावा, ग्रेजुएट प्लस लोन्स को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

प्रोफेशनल डिग्री कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों को—जिन्हें उच्च कौशल और लाइसेंसी अभ्यास के लिए आवश्यक माना गया है—प्रति वर्ष 50,000 डॉलर, अधिकतम 200,000 डॉलर तक उधार लेने की अनुमति होगी।

### ▪ पेशेवर संगठनों ने जताई नाराज़गी

*नर्सिंग और सोशल वर्क जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई राष्ट्रीय संगठनों ने इस प्रस्ताव पर चिंता जताई है। उनका कहना है उनके क्षेत्रों में भी व्यापक स्नातकोत्तर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। लेकिन उन्हें प्रोफेशनल केटेगरी में शामिल नहीं किया गया। इससे छात्रों को महंगे निजी ऋण लेने पड़ सकते हैं और यह पहले से मौजूद स्टाफ की कमी को और बढ़ा सकता है।*

### ▪ प्रोफेशनल डिग्री की नई परिभाषा

*शिक्षा विभाग के अनुसार, किसी भी प्रोग्राम को प्रोफेशनल डिग्री मानने के लिए उसमें लाइसेंस प्राप्त पेशे में प्रवेश के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। बैचलर स्तर से ऊपर के कौशल का प्रदर्शन करना चाहिए। इस परिभाषा के आधार पर विभाग ने 11 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है, जो स्वतः उच्च सीमा के पात्र होंगे: फ़ार्मेसी, डेंटिस्ट्री, वेटरिनरी मेडिसिन, कायरोप्रैक्टिक, कानून, मेडिसिन, ऑप्टोमेट्री, ऑस्टियोपैथिक मेडिसिन, पोडियाट्री, थियोलॉजी और क्लिनिकल साइकोलॉजी। इसके अलावा, 40 से अधिक अन्य क्षेत्रों को भी पात्र माना जा सकता है, यदि वे लाइसेंस, डॉक्टोरल रास्ते और उच्च कौशल मानकों को पूरा करते हैं। विश्वविद्यालयों पर यह जिम्मेदारी होगी कि वे तय करें कि उनके कौन से कार्यक्रम इन मानदंडों पर खरे उतरते हैं, इसलिए संस्थानों के बीच अंतर संभव है।*

# तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी सिस्टम शुरू

## • रेलवे टिकटिंग में बड़ा बदलाव, सभी ट्रेनों के लिए लागू



समर न्यूज | लुधियाना

भारतीय रेलवे यात्री सुविधा बढ़ाने और तत्काल बुकिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़े बदलावों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रेलवे ने अब आरक्षण काउंटरों पर टिकट बुकिंग के लिए भी ओटीपी-आधारित तत्काल आरक्षण प्रणालीलागू करना शुरू कर दिया है। यह कदम तत्काल टिकटों के दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक यात्रियों को टिकट मिलने की संभावना बढ़ाने पर केंद्रित है।

**ऑनलाइन टिकटों के बाद अब काउंटरों पर ओटीपी सिस्टम**

रेलवे ने जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटिंग के लिए आधार सत्यापन शुरू किया था। इसके बाद अक्टूबर 2025 में सभी सामान्य ऑनलाइन आरक्षणों के लिए ओटीपी आधारित सिस्टमलागू किया गया, जिसे यात्रियों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

अब 17 नवंबर 2025 से आरंभ पायलट प्रोजेक्ट को बढ़ाते हुए यह सुविधा52 ट्रेनों तक लागूकी जा चुकी है। इस सिस्टम में काउंटर पर टिकट बुक करते समय यात्री के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, उसी ओटीपी की पुष्टि के बाद बुकिंग की प्रक्रिया पूरी होगी। रेलवे ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में इसे शेष सभी ट्रेनों के लिए लागू कर दिया जाएगा।

**चार्ट तैयारी का समय बढ़ाने की तैयारी**

इसी क्रम में, रेलवे ट्रेन चार्ट तैयार करने की मौजूदा 4 घंटे की सीमा को बढ़ाकर8 घंटेकरने की तैयारी कर रहा है। यह बदलाव सीधे यात्रियों की सुविधा से जुड़ा है, क्योंकि अभी कम समय होने की वजह से वेटिंग लिस्ट के साफ होने में देरी होती है और यात्री वैकल्पिक योजना नहीं बना पाते। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मंजूर इस बदलाव को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या संचालन संबंधी बाधा न उत्पन्न हो।

भारतीय रेलवे का मानना है कि इन कदमों से टिकट खरीद प्रक्रिया न सिर्फ सुरक्षित होगी, बल्कि दलालों और फर्जी बुकिंग की समस्या में भी कमी आएगी। तत्काल टिकटिंग में अब मोबाइल नंबर की अनिवार्यता से केवल वही व्यक्ति टिकट का उपयोग कर पाएगा जो वास्तव में यात्रा कर रहा हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ओटीपी आधारित टिकटिंग मॉडल से बिचौलियों द्वारा कई फोन नंबरों के प्रयोग पर भी रोक लगेगी। इसके अलावा चार्ट तैयार करने के समय में वृद्धि से लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलेगी, क्योंकि दूरस्थ इलाकों या उपनगरीय क्षेत्रों से आने वाले लोग वेटिंग लिस्ट की अनिश्चितता के कारण अक्सर कठिनाई का सामना करते हैं। अतिरिक्त समय मिलने पर वे आवश्यकता पड़ने पर बस, फ्लाइट या किसी अन्य ट्रेन का विकल्प चुन सकेंगे। रेलवे ने कहा कि यह परिवर्तन तकनीकी परीक्षणों और सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद चरणवार लागू होगा, और इसका उद्देश्य यात्री अनुभव को बेहतर एवं पारदर्शी बनाना है।

### ▪ क्या होगा फायदा?

*तत्काल बुकिंग में फर्जीवाड़ा घटेगा*
*वास्तविक यात्रियों को टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी*
*वेटिंग लिस्ट की स्थिति पहले साफ होगी*
*यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा योजना बनाने के लिए अधिक समय मिलेगा*
*टिकटिंग प्रक्रिया और अधिक सुरक्षित व पारदर्शी बनेगी*

भारतीय रेलवे के ये कदम डिजिटलाइजेशन और यात्री सुविधा के दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं और आने वाले महीनों में पूरा सिस्टम यात्रियों के अनुभव को काफी सुगम बनाने की क्षमता रखता है।

## • एफडीटीएल नियम लागू होने के बाद क्रू की उपलब्धता घटी

# पायलटों की कमी से इंडिगो संकट में: 180 से ज्यादा उड़ानें ठप, नए नियम बने कारण



समर न्यूज | नई दिल्ली

घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो गुरुवार को बड़े परिचालन संकट का सामना करती दिखी, जब पायलटों की कमी के कारण उसे मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु से 180 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। नई फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियम लागू होने के बाद एयरलाइन पर्याप्त क्रू जुटाने में असफल रही, जिसके चलते शेड्यूल बुरी तरह प्रभावित हो गया।

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई एयरपोर्ट पर 86 उड़ानें (41 आगमन, 45 प्रस्थान), बेंगलुरु में 73 उड़ानें और दिल्ली में 33 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिन बढ़ने के साथ cancellations की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई गई।

**ओटीपी में भारी गिरावट**

एयरलाइन का ऑन–टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 3 दिसंबर को छह प्रमुख हवाई अड्डों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद पर सिर्फ 19.7% रह गया। यह 2 दिसंबर के 35%ओटीपी के मुकाबले लगभग आधा है।

एफडीटीएल नियमों के दूसरे चरण के लागू होने के बाद से Indigo को क्रू प्रबंधन में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

**डीजीसीए ने मांगी रिपोर्ट**

उड़ानों के बड़े पैमाने पर रद्द होने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। डीजीसीए ने इंडिगो से यात्रियों को हो रही असुविधा कम करने के उपाय, संचालन स्थिर करने की योजना और रद्दीकरण के वास्तविक कारण स्पष्ट करने को कहा है।

**एफआईपी का आरोप: 'दो साल का समय मिला, तैयारी नहीं की'**

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने इंडिगो को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया कि उसे एफडीटीएल नियमों के पूर्ण लागू होने से पहले भर्ती रोक देनी ही नहीं चाहिए थी, जबकि एयरलाइन के पास बदलाव के लिए दो साल की तैयारी अवधि उपलब्ध थी।

एफआईपी ने डीजीसीए को पत्र लिखकर मांग की कि इंडिगो को तब तक सीजनल फ्लाइट शेड्यूल की मंजूरी न दी जाए, जब तक वह नए मानकों के अनुसार पर्याप्त क्रू उपलब्ध नहीं कराती। संगठन ने यह सुझाव भी दिया कि यदि इंडिगो संचालन में विफल रहती है, तो उसके स्लॉट उन एयरलाइनों को दिए जाएं जो छुट्टियों और कोहरे के मौसम में सुचारू सेवाएं देने में सक्षम हैं।

# 100 वर्षीय डॉक्टर ने महिलाओं के कैंसर उपचार के लिए 3.4 करोड़ रुपये दान किए

समर न्यूज | ब्रह्मपुर



ओडिशा की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. के. लक्ष्मी बाई ने अपने 100वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले महिलाओं के कैंसर इलाज के लिए अपनी 3.4 करोड़ रुपये की जमा पूंजी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भुवनेश्वर को दान कर दी। डॉ. बाई 5 दिसंबर को 100 वर्ष की होने जा रही हैं और वे ब्रह्मपुर स्थित एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रोफेसर रहीं। वह वर्ष 1986 में सेवानिवृत्त हुई थीं।

**गरीब महिलाओं के लिए भावुक पहल**

अपने दान के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए डॉ. बाई ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में कई गरीब महिलाओं को कैंसर के उचित उपचार के अभाव में मरते हुए देखा। उन्होंने कहा, "मैं चाहती हूं कि मेरे द्वारा दान की गई राशि उन गरीब और बेसहारा मरीजों के लिए उपयोग की जाए, जिन्हें सही इलाज न मिल पाने का दुख झेलना पड़ता है।"

**एआईएमएस ने जताई सराहना**

एआईएमएस भुवनेश्वर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के प्रमुख, डॉ. सौभाग्य कुमार जेना ने चेक प्राप्त करने के बाद एक पत्र जारी कर डॉ. लक्ष्मी बाई के इस नेक कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की। कैंसर टीकाकरण पर भी जोर ब्रह्मपुर प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी की सचिव इंदिरा पाल ने बताया कि डॉ. बाई ने किशोरी लड़कियों में कैंसर टीकाकरण को बढ़ावा देने की सलाह भी दी है। एआईएमएस के डॉक्टरों सहित उनके कई पूर्व छात्र 5 दिसंबर को आयोजित होने वाले उनके जन्मदिन समारोह में शामिल होंगे।


**80 साल की सेवायात्रा**

जन्म: 5 दिसंबर 1926, चिकित्सा करियर की शुरुआत: 1945, SCB मेडिकल कॉलेज कटक MD डिग्री: 1958, मद्रास मेडिकल कॉलेज, परिवार: पति का निधन, कोई संतान नहीं।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** ZCZP बॉन्ड, डीलिस्टेड शेयर और कम-ट्रेडेड स्टॉक्स की वैल्यूएशन में बदलाव का प्रस्ताव

# सेबी छोटे निवेशकों को दे सकता है राहत

अक्षय जाधव | चंडीगढ़
समर न्यूज



डिमैट अकाउंट पर बढ़ते शुल्क से परेशान छोटे निवेशकों के लिए राहत आ सकती है। बाज़ार नियामक SEBI ने कम लागत वालेबेसिक सर्विसेज डिमैट अकाउंट (बीएसडीए)के नियमों में सुधार का प्रस्ताव जारी किया है। नए सुझावों का उद्देश्य वित्तीय समावेशन बढ़ाना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करना है।

बीएसडीएकी शुरुआत 2012 में उन निवेशकों का खर्च कम करने के लिए की गई थी जिनकी होल्डिंग छोटी होती है। लेकिन मौजूदा नियम कई बार ऐसे निवेशकों को बाहर कर देते हैं जिनकी वास्तविक बाजार कीमत ठीक से नहीं बन पाती। इसी समस्या को देखते हुए SEBI ने तीन प्रमुख बदलाव सुझाए हैं: ZCZP बॉन्ड को पोर्टफोलियो वैल्यू से बाहर रखना। ये बॉन्ड न ट्रेड होते हैं, न ट्रांसफर—और न ही इनकी कोई वास्तविक मार्केट वैल्यू होती है। इन्हें वैल्यू में शामिल करने से पोर्टफोलियो 'कागज़ी तौर पर' बड़ा दिख सकता है और निवेशकबीएसडीए के दायरे से बाहर हो सकते हैं। डीलिस्टेड शेयरों को सस्पेंडेड शेयरों जैसा मानना, क्योंकि ऐसे शेयरों की कीमत तय करना लगभग असंभव होता है, SEBI चाहती है कि उन्हें भी वैल्यूएशन में शामिल न किया जाए। तीसरा, कम-ट्रेडेड शेयरों के लिए 'अंतिम क्लोजिंग प्राइस' का इस्तेमाल। जहाँ ट्रेडिंग कम होती है, वहाँ अंतिम उपलब्ध कीमत को आधार बनाने का सुझाव दिया गया है ताकि वैल्यूएशन समान रहे।

### प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए बड़े कदम

*डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स का कार्यभार कम करने के लिए SEBI चाहती है किबीएसडीएकी पात्रता हर तीन महीने में सिस्टम द्वारा स्वतः जाँची जाए। इसके अलावा निवेशक सिर्फ ईमेल ही नहीं, बल्कि कई सुरक्षित डिजिटल तरीकों से भी अपनी सहमति दे सकेंगे। इन सुधारों सेबीएसडीएकी एकरूपता बढ़ेगी और निवेशकों को उन निवेशों पर अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा जिनकी कोई वास्तविक बाज़ार कीमत नहीं होती। SEBI ने इन प्रस्तावों पर 15 दिसंबर तक जनता से सुझाव मांगे हैं। लागू होने पर ये बदलाव छोटे निवेशकों के लिए शुल्क का बोझ काफी कम कर सकते हैं।*

# शादी से पहले बेटी ने करवाई मां-बाप के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## बोली, लव मैरिज करवाना चाहती हूं, मां-बाप जबरदस्ती करवा रहे अरेंज मैरिज

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

बीजेपी पार्षद नरेश कटारिया की बेटी ने शादी से एक दिन पहले अपने माता-पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी, लेकिन परिवार ने उसे जबरन दौलताबाद के युवक से विवाह के लिए दबाव में रखा।

लड़की ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से उसे घर में कैद रखा गया, मोबाइल छीन लिया गया और शादी की तैयारियों के बावजूद उसकी मर्जी को नजरअंदाज किया गया। पुलिस ने शिकायत मिलते ही लड़की को उसके घर से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान (सेफ हाउस) भेजा। गुरुग्राम के सेक्टर-9 के रहने वाले बीजेपी पार्षद नरेश कटारिया की बेटी की शादी 4 दिसंबर को दौलताबाद के रहने वाले लड़के के साथ होनी थी, लेकिन शादी से एक दिन पहले ही लड़की ने सेक्टर-9 पुलिस और महिला आयोग को ई-मेल भेजकर घर में बंधक बनाने की शिकायत दर्ज करा दी।



गुरुग्राम सेक्टर-9 ए पुलिस थाना - समर न्यूज़

लड़की ने शिकायत केवल पुलिस तक ही सीमित नहीं रखी। उसने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, महिला आयोग और अन्य उच्च अधिकारियों को भी ई-मेल भेजकर अपनी सुरक्षा और न्याय की मांग की।

लड़की ने कहा कि परिवार ने उसकी पढ़ाई एमबीए, बीएड, एमएड और उसकी पसंद को नजरअंदाज कर शादी तय की। लड़की ने बताया कि वह पिछले 15 साल से अपने दोस्त से प्रेम करती है और उसी से शादी करना चाहती है। माता-पिता ने उसे कमरे में बंद रखा और बाहर निकलने नहीं दिया। उसे अपने घरवालों से जान का खतरा है। एसआई पिंकी के अनुसार, शिकायत मिलने पर लड़की के माता-पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। ये धाराएं गैरकानूनी कैद और आपराधिक धमकी से संबंधित हैं। लड़की के परिजनों ने दावा किया कि लड़की को किसी ने गुमराह किया है।

# सीएम ने किया पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन और जेई को सस्पेंड

## करोड़ों रुपये की गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार पाए गए

**समर न्यूज़ | अंबाला**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधूरे और अनियमितताओं से घिरे निर्माण कार्यों पर सख्त रुख अपनाते हुए पीडब्ल्यूडी के दो एक्सईएन और एक जेई को निलंबित कर दिया है।

ये अधिकारी अंबाला के लखनौर साहिब में निर्माणाधीन वेटरनरी डिप्लोमा कॉलेज में करोड़ों रुपये की गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार पाए गए। 11.45 करोड़ की लागत का यह प्रोजेक्ट 2020 में पूरा होना था, लेकिन आज तक केवल 70 प्रतिशत काम ही हो पाया और जांच में ठेकेदार को बिना काम किए अतिरिक्त भुगतान का मामला सामने आया।

यही नहीं, अंबाला कैंट के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम और लघु सचिवालय समेत कई प्रोजेक्टों में फर्जी बिलिंग और अवैध भुगतान के सुराग मिले, जिनमें ये अधिकारी पहले भी आरोपों के घेरे में थे।


सीएम नायब सिंह सैनी - समर न्यूज़

सरकार ने वेटरनरी कॉलेज का पुराना टेंडर रद्द कर नए ठेकेदार को शेष काम देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अब किसी भी प्रोजेक्ट की लागत एग्रीमेंट अमाउंट से अधिक बढ़ाने पर सख्त नियंत्रण रहेगा।

मुख्यमंत्री सैनी ने साफ कहा कि अधूरे और भ्रष्टाचार ग्रस्त प्रोजेक्ट जनता के पैसों से धोखा हैं और ऐसी लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड, चार जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी

## 8 दिसंबर के बाद रात के तापमान में होगी गिरावट दर्ज

**समर न्यूज़ | हिसार**

हरियाणा में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और पंचकूला में मौसम विभाग ने शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। कड़ाके की ठंड के बीच गुरुग्राम का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि हिसार में यह 4 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 4 दिसंबर से सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ का हरियाणा पर आंशिक प्रभाव दिखाई दे सकता है। इसके चलते तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा और कुछ क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने संकेत दिए हैं कि शीत लहर के चलते न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। रात में ठंड और बढ़ने की आशंका है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के


धुंध की तस्वीर - समर न्यूज़

कृषि मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 7 दिसंबर तक मौसम में लगातार बदलाव संभव है। आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। दिन का तापमान मामूली गिर सकता है। रात का तापमान कुछ क्षेत्रों में थोड़ा बढ़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 8 दिसंबर से उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हवाएं तेज होंगी, जिसके चलते विशेषकर रात के तापमान में दोबारा गिरावट दर्ज की जाएगी। इस बीच नमी बढ़ने से कई इलाकों में सुबह हल्की धुंध भी देखने को मिल सकती है।

# 48 घंटे का उपवास खत्म, सुरक्षित ड्यूटी नियमों की मांग पर अड़े लोको पायलट

**समर न्यूज़ | हिसार**

देशभर के लोको पायलटों ने अपनी मांगों को लेकर शुरू की गई 48 घंटे की भूख हड़ताल गुरुवार सुबह समाप्त कर दी। हिसार रेलवे स्टेशन पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के नेतृत्व में लोको पायलटों ने जूस पीकर उपवास तोड़ा। यह भूख हड़ताल 2 दिसंबर सुबह 10 बजे शुरू हुई थी। उपवास के बावजूद सभी लोको पायलट ड्यूटी पर तैनात रहे और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगातार लंबी शिफ्ट और पर्याप्त आराम न मिलने से हादसों का खतरा बढ़ रहा है, इसलिए कार्य परिस्थितियों में तुरंत सुधार जरूरी है।

लोको पायलटों की प्रमुख मांगों में ड्यूटी समय को आठ घंटे तक सीमित करना, प्रति सप्ताह 46 घंटे का अनिवार्य विश्राम, लगातार केवल दो नाइट ड्यूटी, रिक्त पदों पर भर्ती और आराम संबंधी मौजूदा नियमों का सख्ती से पालन शामिल है। उनका कहना है कि उन्हें न तो 16 घंटे का दैनिक अनिवार्य विश्राम मिल रहा है और न ही 30 घंटे का साप्ताहिक अवकाश, बल्कि कई बार 12 से 14 घंटे तक लगातार काम कराया जाता है, जिससे



धरना खत्म करते हुए लोको पायलेट। - समर न्यूज़

दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। जॉनल ज्वाइंट सेक्रेटरी आशीष चौधरी ने कहा कि लोको पायलट रेलवे की रीढ़ हैं और उनकी कार्य परिस्थितियां सुधारे बिना सुरक्षित संचालन संभव नहीं। हड़ताल खत्म होने के बाद पायलटों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई न हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# दहेज में स्कॉर्पियो न मिलने पर विवाहिता की गला दबाकर हत्या

## मृतका के परिजनों का आरोप, दहेज के लिए वर्षा पर बनाया जाता था दबाव

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

गांव मित्रोल में दहेज में स्कॉर्पियो कार न मिलने पर ससुराल वालों ने एक विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया। मृतका वर्षा 22 वर्ष आठ माह के बच्चे की मां थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पलवल सामान्य अस्पताल में भिजवाया। मृतका के भाई अनूप कुमार निवासी नौरंगाबाद की शिकायत पर सास, ससुर, पति सुमित तथा दोनों ननदों रेणु और मधु के खिलाफ दहेज हत्या सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता अनूप ने बताया कि वर्षा की शादी अप्रैल 2023 में गांव औरंगाबाद मित्रोल निवासी सुमित के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया था,


मृतका की फाइल फोटो। - समर न्यूज़

जिसकी सूची उनके पास मौजूद है। लेकिन ससुराल पक्ष दहेज से खुश नहीं था और शादी के अगले दिन से ही वर्षा को ताने देने और मारपीट का सिलसिला शुरू हो गया।

परिजनों के अनुसार, ससुराल वाले कहते थे कि हमारे बेटे पर 10 एकड़ जमीन आती है। इसके लिए तो स्कॉर्पियो के रिश्ते आए थे तुमने क्या दिया। सोने के कुंडल न मिलने पर ननदों ने वर्षा से कई बार मारपीट की। पति सुमित भी अपनी बहनों का साथ देता था। दहेज की बढ़ती मांग और अत्याचार से परेशान होकर वर्षा ने यह बात अपने


पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल परिसर में मौजूद वर्षा के परिजन। - समर न्यूज़

मायके वालों को बताई। परिवार ने अपनी जमीन का एक प्लॉट बेचकर ससुराल पक्ष को 6 लाख रुपए भी दे दिए, लेकिन प्रताड़ना कम नहीं हुई। कई बार पंचायत में समझौता हुआ, परंतु ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला।

**परिजनों की मांग हत्यारे को मिले कड़ी सजा**

अनूप ने बताया कि 2 दिसंबर को वर्षा ने उसे फोन कर कहा कि ससुराल वाले उसे मारने और पति सुमित की दूसरी शादी कराने की बात कर रहे हैं। कुछ देर बाद वर्षा के पति सुमित का फोन आया और उसने कहा कि वर्षा की मौत हो गई है, मैंने उसकी हत्या कर दी है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष आर्थिक रूप से प्रभावशाली है और घटना के बाद से लगातार दबाव बना रहा है। उनका कहना है कि वे खुलेआम कह रहे हैं कि हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। मृतका वर्षा के 8 माह के बच्चे को भी ससुराल पक्ष ने उनसे छीन लिया है। परिजनों ने मांग की है कि वर्षा के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्राले की टक्कर से दो लोगों की मौत


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | दादरी**

नेशनल हाईवे 152डी पर दादरी जिले के गांव कमोद के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां सड़क किनारे खड़े ट्राले में लगभग रात 12 बजे पीछे से तेज रफ्तार ट्राले ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों वाहनों ने तुरंत आग पकड़ ली और कुछ ही सेकंड में आग बेकाबू हो गई। हादसे में आगे खड़े ट्राले के चालक 48 वर्षीय राजेश निवासी खांडा खेड़ी, हिसार और परिचालक 40 वर्षीय जसवंत सिंह निवासी रूपगढ़, जींद ट्राले के अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। आग इतनी भयंकर थी कि नौ घंटे बाद भी उस पर काबू नहीं पाया जा सका। दादरी और भिवानी जिलों से फायर ब्रिगेड की कुल सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# धनबाद से साइबर ठग गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | धनबाद**

बढ़ते साइबर अपराध पर कड़ी कार्रवाई के तहत हरियाणा पुलिस ने धनबाद में एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। सरायढेला थाना क्षेत्र के टी.वी. सेंटर मोहल्ले से 30 वर्षीय रंजन कुमार राय, पिता महेंद्र राय, को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हरियाणा में दर्ज कई साइबर ठगी मामलों में रंजन के खिलाफ वारंट जारी था। इसी क्रम में हरियाणा पुलिस की विशेष टीम धनबाद पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की। टीम ने मौके पर ही उससे पूछताछ की और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे हिरासत में ले लिया।

# राज्यपाल से मिले इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला

## 11 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने किसान सहित अन्य मुद्दों को लेकर की चर्चा

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में 11 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल से मिला और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। जुलाई से सितम्बर तक हुई भारी बारिश से खेतों में जलभराव हुआ जिससे किसानों की लाखों एकड़ में खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। 12 जिले आज भी प्रभावित है। आज भी पानी खड़ा है।

पड़ोसी पंजाब ने किसानों को 20 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे दिया है। जबकि हरियाणा की भाजपा सरकार मुआवजा राशि ही तय नहीं कर पाई। महामहिम राज्यपाल को बताया कि सरकार ने कोई संज्ञान



इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला जानकारी देते हुए - समर न्यूज़

नहीं लिया है। जल्द खेतों में खड़ा पानी निकालने और किसानों को मुआवजा देने की बात रखी।

दूसरा 2 बास्केट बाल मृतक खिलाड़ियों को शहिद का दर्जा देकर सभी सुविधाएं दी जाने की बात रखी। अलग राजधानी की भी बात की है।

राज्य सरकार ने अपनी बात सही तरीके से नहीं रखी। इसलिए केंद्र ने अलग विधानसभा बनाने के लिए जमीन देने से इनकार कर दिया है। धान घोटाले पर भी राज्यपाल से बात की। फर्जी गेट पास के चलते बाहरी राज्यों से धान मंडियों में बिका। हमारे किसानों का नुकसान हुआ सरकार ने ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन फीस में 10 गुना बढ़ोतरी कर दी है। इससे पहले भी केंद्र ने ट्रैक्टर पर टोल टैक्स फीस लगाई थी। हमने उसे केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलकर तब वापस करवाया था।

राज्यपाल के समक्ष यह भी कहा है कि बीजेपी प्रदेश में जातिवाद को बढ़ावा दे रही है। साजिश के तहत ये सब बीजेपी सरकार करवा रही है। राज्यपाल ने गंभीरता से हमारी बातों को सुना और सभी मुद्दों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने एक जरूरी सूचना देते हुए कहा कि 20 दिसम्बर को स्वर्गीय ओपी चौटाला की बरसी है।

इस मौके पर तेजाखेड़ा फार्म पर सर्वधर्म सद्भाव कार्यक्रम रखा गया है। ओपी चौटाला देश के बड़े नेता थे। वे सभी वर्गों को साथ लेकर चलते थे। स्मृति स्थल पर सुबह 11 से 12 बजे के बीच में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप में निर्मला बूरा की एंट्री रद्द, अधिकारियों से की जांच की मांग

**समर न्यूज़ | हिसार**

2010 कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता निर्मला बूरा को हिसार के गांव उमरा में 4 और 5 दिसंबर को आयोजित हरियाणा स्टेट सीनियर फ्रीस्टाइल कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक दिया गया। इस घटना ने खेल जगत में खासी नाराजगी और चर्चा पैदा कर दी है। निर्मला बूरा हरियाणा पुलिस की तरफ से इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं और पिछले 20 साल से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार खेल रही हैं।

उन्होंने बताया कि वह 2003 से हरियाणा पुलिस की टीम से स्टेट चैंपियनशिप खेलती आ रही हैं। इस बार भी विभाग ने सभी जरूरी कागजात समय पर भेज दिए थे।


पहलवान निर्मला बूरा - समर न्यूज़

इसके बावजूद उन्हें बिना कोई ठोस कारण बताए रोका गया। यह उनके साथ अन्याय है। कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने के बावजूद प्रदेश में उन्हें इस तरह अपमानित किया जा रहा है, जो बहुत दुखद है। निर्मला ने आयोजकों और रेसलिंग हरियाणा एसोसिएशन के पदाधिकारियों से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और उन्हें खेलने की अनुमति देने की मांग की है।

चैंपियनशिप के पहले दिन गुरुवार को फ्रीस्टाइल मुकाबले शुरू हुए। निर्मला जब सुबह वेट-इन और मुकाबले के लिए पहुंचीं तो आयोजकों ने उनका एंट्री कार्ड देने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पहले ही उनके नामांकन पत्र एसोसिएशन को भेज दिए थे और ई-मेल के माध्यम से भी पुष्टि की थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। इस घटना ने खेल जगत में नाराजगी बढ़ा दी है। फिलहाल आयोजकों की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**बाल दिवस** बाल कल्याण परिषद कर रहा है बच्चों को आगे ले जाने का मंच प्रदानः विधायक हरेंद्र सिंह

# तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की जिला शाखा पलवल द्वारा वीरवार को इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ होडल के विधायक हरेंद्र सिंह ने विधिवत रूप से किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार और बाल कल्याण परिषद हरियाणा की सचिव डॉ. सुषमा गुप्ता, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाने का कार्य किया



मुख्य अतिथि विधायक हरेंद्र रामरतन को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते अधिकारीगण - समर न्यूज़

है। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आती है।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों को एक मंच दिया जा रहा है जिसके माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह में बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया है। बाल दिवस समारोह में भाग लेकर बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए सांस्कृतिक, खेलकूद और शैक्षिक गतिविधियां, नाटक, नृत्य और गीत जैसे अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उनमें भाग लेकर बच्चों काफी कुछ सीखने को मिलता है। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में एक अच्छा संदेश जाता है। बाल अवस्था में भी बच्चों को नई दिशा की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

बाल कल्याण परिषद हरियाणा की सचिव डॉ. सुषमा गुप्ता ने बताया कि पलवल में 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फरीदाबाद, नूंह व पलवल जिला शामिल है। प्रतियोगिता में नाटक, नृत्य, गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह में करीब 600 बच्चे भाग ले रहे है। मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह के विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। स्टेट लेवल के प्रतिभागियों को महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# अनिल विज का कांग्रेस पर तंज बोले, भौं-भौं कांग्रेस की ऑफिशियल भाषा बन गई है

## बोले, नरेंद्र मोदी को समझने के लिए राहुल को लेने पड़ेंगे सौ जन्म

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी द्वारा संसद में कुत्ता लेकर जाने के बाद उत्पन्न विवाद पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब भौं-भौं कांग्रेस की ऑफिशियल भाषा बन गई है। विज ने कहा कि चौधरी खुद को कांग्रेस प्रवक्ता बताती हैं शायद इसलिए कुत्ते को साथ लाई थीं ताकि देश को दिखा सकें कि कांग्रेस के पीछे से बोलता कौन है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी तेल मूल्य वृद्धि के विरोध में बैलगाड़ी से संसद आए थे पर कांग्रेस सांसद किस विरोध में कुत्ता लाई थीं। क्या कुत्ते को कोई तकलीफ थी या वह भी विरोध करने आया था।

राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना



मंत्री अनिल विज की फाइल फोटो - समर न्यूज़

पर केंद्र सरकार पर उठाए सवालों पर विज ने कहा कि नरेंद्र मोदी को समझने के लिए राहुल को अभी सौ जन्म लेने पड़ेंगे तब भी शायद न समझ पाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो भी करते हैं, विस्तृत और ठोस योजना के साथ करते हैं। हरियाणा कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में महिला छात्राओं से जुड़े मामले को लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को खोखला बताया। इस पर विज ने कहा कि किसी एक घटना से योजना की नीयत पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। उन्होंने कहा कि अगर कहीं राम होता है तो रावण भी होता है। विज ने दावा किया कि इस योजना ने हरियाणा में कन्या जन्म दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सुरजेवाला के विरोध के बावजूद यह योजना जारी रहेगी।

# बेटे की शादी के दिन हुई हत्या, चार दिन बाद मिला शव

**समर न्यूज़ | करनाल**

इंद्री के गांव नौरता निवासी रामलाल का शव चार दिन की तलाश के बाद कलेसर नेशनल पार्क से बरामद हुआ। रामलाल बेटे की शादी वाले दिन घर से सामान लेने निकला था और लापता हो गया था। उसके पास करीब एक लाख रुपये थे। सीसीटीवी के आधार पर शक की दिशा में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पड़ोसी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने गला घोंटकर हत्या करने और शव यमुनानगर इलाके में फेंकने की बात कबूल की। पुलिस ने कलेसर पार्क और हथिनी कुंड बैराज में तलाश की, जिसके बाद बुधवार रात शव मिला। आरोपी प्रताप नगर, यमुनानगर का निवासी है। हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# लापरवाही और फर्जी लंबरदारों पर उपायुक्त अनुपम कश्यप का सख्त रुख

**समर न्यूज़ | शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने सुन्नी उपमंडल के पटवारियों और कानूनगो अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर राजस्व कार्यों में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाया। खंड विकास कार्यालय सुन्नी में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने स्वयं पटवार सर्कलों के रजिस्टरों की जांच की और देरी से निपटाए जा रहे निशानदेही मामलों पर नाराजगी जताई।

जांच में सामने आया कि कई स्थानों पर दो-दो वर्ष से भी अधिक समय से निशानदेही लंबित है, जबकि खटनोल कानूनगो क्षेत्र में दो साल में केवल एक सम्मन जारी हुआ। उपायुक्त ने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की आगामी 10 दिनों में रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाए तथा कोई भी रजिस्टर अप टू डेट होना चाहिए।



उपायुक्त अनुपम कश्यप अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए - समर न्यूज़

बैठक में एक और गंभीर मामला सामने आया कि कुछ लोग बिना नियुक्ति पत्र के स्वयं को लंबरदार बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उपायुक्त ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने सर्कलों में नियुक्त लंबरदारों के पत्रों का सत्यापन करें और बिना नियुक्ति वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति स्टेशन नहीं छोड़ेगा। बैठक में यह भी पता चला कि खटनोल कानूनगो प्रतिदिन शिमला से अप-डाउन कर रहा था, जिस पर उपायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा पाया गया तो सीसीएस नियमों के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि स्टेशन छोड़ने से सरकारी कार्य प्रभावित होता है और जनता को परेशानी झेलनी पड़ती है। डैमेज रिपोर्ट दर्ज करने में भी लापरवाही उजागर हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि हर पेड़ गिरने और अन्य क्षति की रिपोर्ट समय पर ऑनलाइन दर्ज की जाए। पिछले चार वर्षों में मात्र एक पेड़ गिरने की रिपोर्ट दर्ज होना उन्होंने अविश्वसनीय बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना तिथि वाली या साधारण कागज पर बनाई गई रिपोर्ट स्वीकार नहीं होगी और इस पर पटवारी का निलंबन किया जा सकता है।इसके अलावा ग्राम सभाओं में कानूनगो और पटवारी की अनिवार्य उपस्थिति पर भी जोर दिया गया। 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' योजना के बारे में फील्ड स्टाफ की अनभिज्ञता पर उपायुक्त ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने नशे के खिलाफ चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने और सर्दियों में किसी भी आपात स्थिति की तत्काल सूचना देने के निर्देश भी दिए।

## युवाओं के लिए निकले नौकरी के अवसर

**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कृषि व पशुपालन से जुड़े युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर खुल गया है। प्रदेश के पशुपालन विभाग द्वारा 'पशु मित्र' के 500 पद भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पद मल्टी-टास्क वर्कर के समान माने जाएंगे और सभी 12 जिलों के 64 सब-डिवीज़न स्तर पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने संबंधित सब-डिविजन के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करवाना होगा। आवेदन के साथ पशुपालक किसान प्रमाण पत्र अनिवार्य है, जिसे वेटरनरी फार्मासिस्ट द्वारा साइन किया गया हो और ग्राम पंचायत सचिव के काउंटर साइन भी लगे हों। यह दस्तावेज यह प्रमाणित करेगा कि आवेदक वास्तव में ग्रामीण पशुपालन गतिविधियों से जुड़ा है।सबसे अधिक 123 पद पशुपालन मंत्री के जिला कांगड़ा में भरे जाएंगे। इसके अलावा शिमला में 83, मंडी में 66, सिरमौर और सोलन में 37-37, ऊना में 36, चंबा में 40, हमीरपुर में 28, बिलासपुर में 17, कुल्लू में 15, किन्नौर में 13 तथा लाहौल–स्पीति में 3 पद निर्धारित किए गए हैं।

# 11 दिसंबर को होगी जन संकल्प रैली

## सरकार पेश करेगी रिपोर्ट कार्ड और विजन

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता पवन ठाकुर ने मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि आगामी 11 दिसंबर को होने जा रही जन संकल्प रैली में प्रदेश सरकार अपने तीन वर्षों के कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा जनता के सामने पेश करेगी। इसके साथ ही अगले दो वर्षों में किए जाने वाले विकासात्मक कार्यों का विजन भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक पहलें लागू की हैं, जिनका लाभ आमजन तक सीधे पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में आर्थिक अनुशासन स्थापित करते हुए 26 हजार करोड़ रुपये का राजस्व एकत्रित किया है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दूध और विभिन्न फसलों के समर्थन मूल्य





कांग्रेस नेता पवन ठाकुर जानकारी देते हुए - समर न्यूज़

बढ़ाए गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी हिमाचल प्रदेश ने एक बार पुनः शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, जो सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। आपदा प्रभावितों की सहायता को लेकर पवन ठाकुर ने कहा कि हालिया प्राकृतिक आपदा के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू की राहत और पुनर्वास नीति पूरे देश में एक मिसाल बनकर उभरी है। उन्होंने बताया कि जन संकल्प रैली के दौरान आपदा प्रभावितों को राहत राशि भी प्रदान की जाएगी। इस ऐतिहासिक समारोह के लिए प्रदेश भर से पार्टी कार्यकर्ता, आमजन और आपदा प्रभावित लोग मंडी पहुंचेंगे। पवन ठाकुर ने कहा कि समारोह को सफल और भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह रैली प्रदेश की राजनीतिक और विकासात्मक दिशा को नया आयाम देगी।

# विपरीत परिस्थितियों में सीएम कर रहे कार्य

## आपदा प्रभावित लोगों को हरसंभव राहत उपलब्ध करवाए जा रहे

**अरविंद। हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा के हालिया बयान पर कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने कड़ा पलटवार किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जबकि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं और आपदा प्रभावित लोगों को हरसंभव राहत उपलब्ध करवाई जा रही है। सुमन भारती ने मंडी में आपदा के नाम पर भाजपा द्वारा किए गए कथित चंदा संग्रह पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने जनता से भारी मात्रा में धन एकत्रित किया लेकिन वह पैसा न तो मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवाया गया और न ही



जिला अध्यक्ष सुमन भारती समर न्यूज़

उसके उपयोग का कोई स्पष्ट विवरण सामने आया है। उन्होंने मांग की कि भाजपा यह बताए कि आपदा राहत के नाम पर एकत्रित राशि आखिर खर्च कहां हुई।राजेंद्र राणा द्वारा कांग्रेस को "डूबता जहाज" कहे जाने पर भी भारती ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस वास्तव में डूबता जहाज होती, तो "सबसे पहले छह प्लस तीन चूहे" ही जहाज छोड़कर न भागते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में इन नेताओं का प्रवेश अब बंद बताना भी हास्यास्पद है, क्योंकि पार्टी खुद ही इन नेताओं से परेशान है। भारती ने कहा कि जब भाजपा का जहाज डूबेगा, तो वही नेता सबसे पहले नीचे जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भारती ने कहा कि जनता को दबाने या चुप कराने का काम भाजपा द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार उन नेताओं को "शांत कोने" में बैठा देती है, जो सच बोलने का साहस दिखाते हैं। सुमन भारती ने कहा कि भाजपा झूठे आरोपों और भ्रामक बयानों के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता सच को भलीभांति समझती है।

### सफल ट्रायल रन के बाद, स्केटिंग सेशन की शुरुआत की

# आइस स्केटिंग रिंक लोगों के लिए खोला

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में स्थित देश का सबसे पुराना और प्राकृतिक रूप से बनने वाला आइस स्केटिंग रिंक इस सीजन के लिए आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। बुधवार को सफल ट्रायल रन के बाद गुरुवार सुबह पहले आधिकारिक स्केटिंग सेशन की शुरुआत की गई। ठंड बढ़ने और मौसम के अनुकूल रहने के कारण इस बार रिंक समय से करीब एक सप्ताह पहले ही तैयार हो गया है।

क्लब प्रबंधन के अनुसार, लगातार गिरते तापमान ने बर्फ की सतह को पूरी तरह जमने में मदद की और स्केटिंग प्रेमियों को लंबे इंतजार से राहत मिली। पिछले वर्ष मौसम की बेरुखी के चलते रिंक देर से खुला था और कुल मिलाकर केवल 35



आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग करते लोग - समर न्यूज़

ही सेशन आयोजित हो पाए थे। लेकिन इस बार उम्मीद जताई जा रही है कि मौसम साथ रहा तो सेशन की संख्या पहले की तुलना में काफी अधिक होगी। सुबह के पहले सेशन में क्लब के अनुभवी सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी पहुंचे, जिनके चेहरे पर रोमांच और उत्साह साफ झलक रहा था।


स्केटिंग में हिस्सा लेने आई बच्चियों ने बताया कि रिंक खुलने की खबर सुनते ही वे खुशी से झूम उठीं और सुबह 5 बजे ही तैयार होकर यहां पहुंच गईं। उन्होंने कहा कि साल में एक बार मिलने वाला यह मौका उनके लिए बेहद खास होता है और ठंड के बावजूद सुबह-सुबह रिंक पहुंचना उनके जुनून को दर्शाता है। आइस स्केटिंग क्लब का मानना है कि आने वाले दिनों में न केवल स्थानीय युवा बल्कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। प्राकृतिक परिस्थितियों पर आधारित यह रिंक केवल कड़ाके की सर्दी में ही बन पाता है, और इसी कारण इसकी शुरुआत हमेशा रोमांच का कारण बनती है।

# स्पीड चैंपियन अनुपमा शर्मा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

**अरविंद। हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड में शानदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनीं कन्या स्कूल हमीरपुर की शिक्षिका अनुपमा शर्मा का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य पूनम चौहान, स्कूल स्टाफ और छात्राओं ने उन्हें हार पहनाकर सम्मानित किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

ढालपुर के खेल मैदान में आयोजित कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड के दूसरे संस्करण में अनुपमा शर्मा ने पहली बार महिला ओपन कैटेगरी में हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में देशभर से 15 प्रतिभाशाली महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली ही बार में अनुपमा ने बेहतरीन गति और नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए न केवल खिताब अपने नाम किया




शिक्षिका अनुपमा शर्मा - समर न्यूज़

बल्कि नया रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने निर्धारित ट्रैक को मात्र 1 मिनट 31 सेकेंड में पूरा करते हुए सभी को चौंका दिया।इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह थी कि अधिकांश प्रतिभागियों ने 4×4 वाहनों का उपयोग किया, जबकि अनुपमा शर्मा ने अपनी सामान्य गाड़ी से ही दमदार प्रदर्शन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शानदार कौशल दिखाते हुए सभी प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

सम्मान समारोह के दौरान अनुपमा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने सपनों और रुचियों पर मजबूती से काम करना चाहिए।

# हिमाचल में ठंड का असर.. ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना



शिमला की माल रोड - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | शिमला**

प्रदेश के मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। पोस्ट मानसून सीजन में लंबे समय से बारिश न होने के कारण कई जिलों में सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं। तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं होने और शुष्क हवाओं की मौजूदगी से प्रदेश में सूखी ठंड महसूस की जा रही है, जिससे लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। इसी बीच, प्रदेश में सक्रिय होने जा रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के सीनियर साइंटिस्ट संदीप शर्मा के अनुसार, 5 दिसंबर से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ हिमाचल को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। कांगड़ा के कुछ पर्वतीय इलाकों में भी बर्फबारी की हल्की संभावना जताई गई है। लाहौल-स्पीति और चंबा में एक-दो स्थानों पर बारिश व बर्फबारी दोनों की संभावना बनी रहेगी। हालांकि यह विक्षोभ ज्यादा मजबूत नहीं है, इसलिए इसका असर केवल ऊंचाई तक सीमित रहेगा।

### अब 10 रुपये में मिलेगी आधा घंटा सुविधा

# ऊना नगर निगम ने बढ़ाई पार्किंग अवधि

**समर न्यूज़ | ऊना**

ऊना नगर निगम ने शहर में पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाने और लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अपनी सभी पार्किंग साइटों पर पार्किंग अवधि बढ़ा दी है। अब शहर के किसी भी निगम-प्रबंधित पार्किंग स्थल पर 10 रुपये में 30 मिनट तक वाहन खड़ा किया जा सकता है। इस संबंध में जानकारी नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने दी।

शहर के व्यापारियों ने हाल ही में उपायुक्त जतिन लाल से मुलाकात कर पूर्व निर्धारित 10 रुपये में 20 मिनट की पार्किंग अवधि को बढ़ाने की मांग उठाई थी। व्यापारियों का कहना था कि 20 मिनट का समय शहर में खरीदारी या अन्य कार्यों के लिए अपर्याप्त है, जिससे लोगों को कई बार अतिरिक्त



पार्किंग एरिया में खड़ी कारें - समर न्यूज़

शुल्क देना पड़ता है। जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने नगर निगम आयुक्त को इस विषय पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आदेशों के अनुपालन में नगर निगम ने पार्किंग समयावधि में वृद्धि का निर्णय लिया। आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि यह कदम खासकर उन लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा, जो अल्प समय के लिए शहर आते हैं और जल्दी व किफायती पार्किंग विकल्प चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सुगम यातायात का माहौल मिल सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने हाल ही में शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क किनारे अनियमित पार्किंग को देखते हुए कई क्षेत्रों को नो पार्किंग नो वेंडिंग जोन घोषित किया है।

# पीडब्ल्यूडी टीम ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण

## इंजीनियरिंग तकनीकों से चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान किया

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा चल रहे फोरलेन परियोजनाओं ने पड़ोसी राज्यों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इन्हीं परियोजनाओं का अध्ययन करने के उद्देश्य से उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे। इस दौरान उनकी टीम ने परवाणू–शिमला और कीरतपुर–मनाली फोरलेन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों में अपनाई जा रही उन्नत तकनीकों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

हिमाचल प्रदेश में एनएचएआई परवाणू–शिमला, कीरतपुर–मनाली, शिमला–मटौर और मंडी–पठानकोट जैसे महत्वपूर्ण फोरलेन मार्गों का निर्माण कर रहा है। पहाड़ी भू-संरचना को ध्यान में रखते हुए इन प्रोजेक्ट्स



सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे - समर न्यूज़

में स्लोप स्टेबलाइजेशन, बड़े पिलर्स पर आधारित पुल निर्माण, और अत्याधुनिक टनलिंग तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इन तकनीकों से पहाड़ों में राजमार्ग निर्माण अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और समयबद्ध बन रहा है।अपने दौरे के पहले दिन टीम ने परवाणू–शिमला फोरलेन पर जारी कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों ने टीम को बताया कि इस मार्ग पर कई स्थानों पर कटिंग, फ्लाईओवर निर्माण और ढलान सुरक्षा के लिए नई तकनीकें अपनाई जा रही हैं। दूसरे दिन टीम ने कीरतपुर–मनाली फोरलेन का निरीक्षण किया, जहां ब्यास नदी के समानांतर सड़क निर्माण की चुनौतियों और उनके समाधान के तरीकों से उन्हें अवगत करवाया गया।

नदी के निकट कार्य करना कठिन होता है, लेकिन एनएचएआई ने आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों के माध्यम से इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान किया है।

**शक्ति प्रदर्शन**

### कांग्रेस सरकार के तीन साल को बताया 'व्यवस्था पतन का दौर'

# जोरावर स्टेडियम में भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। "व्यवस्था पतन के तीन साल, बदलो बदलो भ्रष्ट कांग्रेस सरकार" के नारे के साथ आयोजित इस प्रदर्शन में हजारों की भीड़ उमड़ी, जिसने प्रदेश में मौजूदा सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष का संकेत दिया। भीड़ से खचाखच भरे स्टेडियम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जनता मौजूदा परिस्थितियों से नाराज है और बदलाव की मांग तेज हो चुकी है।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने किया। उन्होंने राज्य सरकार पर विफलताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शासन ने तीन वर्षों में प्रशासनिक





सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता - समर न्यूज़

अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली को चरम पर पहुंचा दिया है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है और आने वाले समय में भाजपा प्रदेश में मजबूत वापसी करेगी। धरना-प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी, डॉ. सिकंदर कुमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। इसके साथ ही सभी भाजपा विधायक, जिला अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक धर्मशाला पहुंचे।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता को केवल वादों और छलावे के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने न केवल विकास कार्यों को ठप किया बल्कि प्रदेश को कर्ज के बोझ में भी झोंक दिया है। अनुराग ठाकुर ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तीन वर्षों में कांग्रेस शासन सिर्फ भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमता का प्रतीक बनकर रह गया है। भाजपा नेताओं ने रैली के माध्यम से प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए जनता से आह्वान किया कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर मजबूत और स्थिर सरकार लाने में अपना योगदान दें।

# सरकार के तीन साल के कार्यकाल में एक भी नई योजना नहीं आई सामने : जयराम ठाकुर

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

सुक्खू सरकार की नाकामियों के खिलाफ आयोजित भाजपा रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने तीखे शब्दों में कहा कि सरकार के तीन साल के कार्यकाल में एक भी नई योजना सामने नहीं आई। उनका कहना था कि न सिर्फ जनता, बल्कि कांग्रेस के विधायक भी किसी योजना का नाम नहीं बता पा रहे, क्योंकि सरकार ने कोई योजना चलाई ही नहीं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने पिछली भाजपा सरकार की दर्जनों लोक-कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दीं जिसके कारण लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि हिमकेयर, शगुन-कन्यादान, गृहणी सुविधा, सहारा व स्वावलंबन जैसी योजनाओं को बंद कर जनता को उनके हक से वंचित



रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर - समर न्यूज़

किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार लोग सरकार से नया कुछ मांगने के बजाय पुरानी सुविधाएं बहाल करने की गुहार लगा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर हिमाचल के हित बेचने के आरोप भी लगाए। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की फाइल अटकी होने, पालमपुर यूनिवर्सिटी की जमीन निजी हित में बेचने और नई शैक्षणिक गतिविधियों को रोकने पर उन्होंने सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हताशा और सरकार विरोधी माहौल है। प्रदर्शनकारी छात्रों और दिव्यांगजन के साथ हुई कथित बर्बरता को उन्होंने शर्मनाक बताया।

## झड़ग गांव में 54 साल बाद शांत महायज्ञ शुरू

**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के जुब्बल तहसील के झड़ग गांव में 54 वर्ष बाद शांत महायज्ञ अनुष्ठान गुरुवार से शुरू हो गया है।

हाटकोटी से दुर्गा माता की देव डोली पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ झड़ग गांव पहुंची, जहां तीन दिवसीय अनुष्ठान औपचारिक रूप से आरंभ हुआ। देवी-देवताओं के आगमन के साथ गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बन गया है। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गुरुवार को जुब्बल उपमंडल के झड़ग गांव में आयोजित शांत महायज्ञ में भाग लिया। यह महायज्ञ 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों गैंग का एक और सहयोगी डेराबस्सी बस अड्डे से गिरफ्तार

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -समर न्यूज़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और डीजीपी पंजाब गौरव यादव के नेतृत्व में चल रहे संगठित अपराध के विरुद्ध अभियान को बड़ी सफलता मिली है, क्योंकि साहिबजादा अजीत सिंह नगर पुलिस ने विदेश-आधारित गैंगस्टरों गोल्डी ढिल्लों और मनदीप स्पेन के नेटवर्क से जुड़े एक और सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि यह गिरफ्तारी बैकवर्ड-लिंकेज जांच के दौरान संभव हुई, जिसे 12 नवंबर और 26 नवंबर को हुई दो बड़ी कार्रवाइयों के बाद तेज किया गया था। 12 नवंबर की कार्रवाई में मोहाली पुलिस और एजीटीएफ ने दो शूटरों को पकड़ा था, जबकि 26 नवंबर को डेराबस्सी–अंबाला हाईवे के पास हुई मुठभेड़ में चार और शूटरों को काबू किया गया था। इस मुठभेड़ में दो पुलिस अधिकारियों की बुलेट-प्रूफ जैकेटों पर गोलियां लगीं और दो आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गए थे।

दोनों कार्रवाइयों के दौरान कुल सात पिस्तौल और सत्तर जिंदा कारतूस भी बरामद हुए थे। अब गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजत कुमार उर्फ राजन, निवासी गांव जन्सूआ, थाना सदर राजपुरा, जिला पटियाला के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि वह गैंग के अन्य सदस्यों को ठिकाना उपलब्ध करवाने, उनकी आवाजाही आसान बनाने और हथियारों की सप्लाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

उसकी गिरफ्तारी एसपी (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह और डीएसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में बनाई गई विशेष टीम द्वारा की गई बैकवर्ड-लिंकेज जांच से संभव हुई। मिली जानकारी के आधार पर एसएचओ डेराबस्सी इंस्पेक्टर सुमित मोर के नेतृत्व में मोहाली पुलिस और एजीटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे डेराबस्सी बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी की पूर्व से आपराधिक पृष्ठभूमि है और पंजाब तथा हरियाणा में उसके खिलाफ स्नेचिंग और आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि वह 2019 में जेल के दौरान गैंग सदस्यों के संपर्क में आया और हाल ही में गोल्डी ढिल्लों के करीबी मनदीप (स्पेन) के निर्देशों पर सक्रिय था। आरोपी 2025 में थाना डेराबस्सी में दर्ज एफआईआर में बीएनएस की धाराओं 109, 111, 221, 132, 3(5) और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत वांछित था।

एसएसपी हंस ने बताया कि इस गिरफ्तारी के साथ अब तक गोल्डी ढिल्लों मॉड्यूल से जुड़े कुल सात सहयोगी पुलिस के शिकंजे में आ चुके हैं और कुल नौ पिस्तौल व अस्सी जिंदा कारतूस बरामद किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है और इस कार्रवाई से गैंगस्टरों को मिल रहे बड़े लॉजिस्टिक और वित्तीय समर्थन को खत्म करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# एक्साइज विभाग ने करियाना दुकान से व्हिस्की की 24 बोतलें की बरामद

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़


शराब की बोतल जांच करती हुई पुलिस -समर न्यूज़

बिसनपुरा स्थित एक किराना दुकान पर अवैध रूप से चंडीगढ़ की शराब बेचने की सूचना पर एक्साइज विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह को पता चला कि बिसनपुरा में एक व्यक्ति चंडीगढ़ से शराब खरीदकर स्थानीय क्षेत्र में अवैध तरीके से बेच रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और दुकान की घेराबंदी कर जांच शुरू की।

दुकान से एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसकी पहचान कृष्ण कुमार निवासी बिसनपुरा जीरकपुर के रूप में हुई। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद कृष्ण कुमार से पूछताछ की और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान के अंदर से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए निर्धारित थी।

एक्साइज टीम ने व्हिस्की की कुल 24 बोतलें भी बरामद की गईं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी चंडीगढ़ से शराब खरीदकर मोहाली क्षेत्र में अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेच रहा था जो एक्साइज एक्ट का गंभीर उल्लंघन है। सूचना के आधार पर मौके पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपी कृष्ण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज होते ही एक्साइज विभाग ने दुकान के आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी जांच तेज कर दी है, ताकि ऐसे और अवैध कारोबारियों पर नकेल कसी जा सके।

विभाग का कहना है कि ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद बिसनपुरा एवं आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि पुलिस ने दावा किया है कि आने वाले दिनों में और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस ने सेक्टर-7 से मनीमाजरा जाने वाला अवैध कट किया बंद

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक अहम कदम उठाया है। ट्रैफिक एसएचओ वरिंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने सेक्टर-7 से मनीमाजरा की ओर जाने वाले एक अवैध कट को पूरी तरह बंद कर दिया।

यह कट लंबे समय से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, जबकि यह मार्ग मूल रूप से केवल पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया था। टीम ने मौके पर लोहे की रॉड से वेल्डिंग कर इस कट को स्थायी रूप से सील किया और सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोहे के एंगल पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाई, ताकि रात के समय भी यह स्थान स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके और किसी भी दुर्घटना की संभावना न रहे। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध कट के उपयोग के कारण न केवल सेक्टर-7 से मनीमाजरा की ओर जाने वाला ट्रैफिक प्रभावित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा था।

कई दोपहिया वाहन चालक इस पैदल मार्ग का गलत तरीके से उपयोग कर तेज रफ्तार में निकल जाते थे, जिससे अन्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा था। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

# पुलिस ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल, गर्म कपड़े

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़


जरुरतमंद लोगों को कंबल और कपड़े बांटते हुए पुलिसकर्मी। -समर न्यूज़

पुलिस ने देर रात मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण पेश करते हुए जरूरतमंदों की मदद को आगे कदम बढ़ाया। देर रात डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन व उनके साथ क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने मनसा देवी क्षेत्र में सड़क किनारे और खुले स्थानों पर ठंड से जूझ रहे लाचार, बेघर और मजदूर तबके के लोगों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए। पुलिस टीम ने विशेष तौर पर उन स्थानों का दौरा किया जहां रात के समय लोग कड़ाके की ठंड में बिना किसी सुविधा के खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर थे। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि मानवता और सेवा पुलिस विभाग की कार्य संस्कृति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की पीड़ा को समझते हुए उनकी हर संभव सहायता करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बदलते मौसम के साथ कई लोग आवश्यक संसाधनों से वंचित रहते हैं, ऐसे में पुलिस द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे इस तरह के सेवा अभियान उन तक राहत पहुंचाने का प्रयास हैं। कंबल वितरण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जरूरतमंदों से उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और संभावित सहायता का भरोसा दिलाया। ठंड में सिकुड़कर बैठे इन लोगों को जब पुलिस ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाए, तो उनके चेहरों पर राहत और संतोष की मुस्कान दिखाई दी। स्थानीय निवासियों और लाभार्थियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ठंड के इस मौसम में यह मदद उनके लिए किसी संबल से कम नहीं है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दल के सदस्य आज जीरकपुर पहुंचेंगे

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कनूंगो आज जीरकपुर का दौरा करेंगे। यह दौरा जीरकपुर के सफाई कर्मियों के मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों और उनके हितों को लेकर हो रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, एसएएस नगर ने बताया कि प्रियांक कनूंगो दोपहर बारह बजे जीरकपुर नगर परिषद के तहत आते ढकौली क्षेत्र में पहुंचेंगे। यहां नगर परिषद की ओर से सफाई कर्मियों के लिए मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

एडीएम के अनुसार, इस कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को उनके मौलिक अधिकारों, कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सम्मान पूर्ण व्यवहार को लेकर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें जागरूक बनाकर उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है ताकि समाज के हर वर्ग को समान और सुरक्षित माहौल मिल सके। कार्यक्रम के दौरान मानवाधिकार आयोग के सदस्य नगर परिषद अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन और सफाई सेवाओं से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत भी करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस मौके पर सफाई व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा कर्मियों के लिए बेहतरी की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

# वैकल्पिक फसलों की बुआई के लिए जिला में 1,500 एकड़ का लक्ष्य

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की फसल को वैकल्पिक फसलों जैसे कपास, मक्का, अरहर, मुंग, मोठ, उड़द, सोयाबीन, ग्वार, तिल, अरण्डी, मुंगफली, फल व सब्जियां, खरीफ प्याज, खरीफ चारा व कृषि वानिकी सफेदा व पोप्लर द्वारा विविधिकरण करने के लिए जिला में 1,500 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि किसान अपने पिछले वर्ष बोये गए धान के क्षेत्र को उपरलिखित वैकल्पिक फसलों में बदल सकता है।

वर्ष 2025 से पहले किसान द्वारा पंजीकरण करने के पश्चात मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सत्यापन उपरांत किसान को 7,000 रूपये प्रति एकड़ की दर से वित्तिय सहायता प्रदान की जाती थी जोकि इस वितीय वर्ष से 8,000 रूपये प्रति एकड़ कर दी गई है और डीबीटी के तहत किसान के खाते में जमा कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि स्कीम के तहत किसान द्वारा पिछले वर्ष बोई गई धान के खेत को खरीफ 2025 में खाली रखने पर भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उक्त योजना का लाभ लेने के लिए किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त यदि उपरलिखित वैकल्पिक फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है तो उक्त फसलों की 100 प्रतिशत खरीद हरियाणा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि भूमिगत जल के संरक्षण हेतू धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलें बोने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं व अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी कृषि, बागवानी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# वीजा दिलाने के नाम पर 48 लाख रुपए की ठगी के पांच आरोपी गिरफ्तार

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़


आरोपियों के बारे में जानकारी देती हुईं डीसीपी सृष्टि गुप्ता। -समर न्यूज़

पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से करोड़ों की ठगी करने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें महाराष्ट्र, बिहार, पंजाब और हरियाणा के आरोपी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में से एक राष्ट्रीय स्तर का बॉक्सिंग खिलाड़ी भी है। शिकायत सेक्टर-14 स्थित वेस्टएड वीजा सॉल्यूशंस की प्रतिनिधि तरनप्रीत कौर ने डीसीपी कार्यालय में दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के गुरचरण सिंह ने खुद को वैध वर्क परमिट एजेंट बताकर फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इटली में वर्क वीजा दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने 8 युवाओं के नाम पर 48,25,600 रुपये और उनके पासपोर्ट व दस्तावेज ले लिए। मार्च–अप्रैल में गुरचरण ने फर्जी उड़ान तारीखें जारी कीं, लेकिन किसी की फ्लाइट सुनिश्चित नहीं हुई। मामला बिगड़ने पर अन्य एजेंट अपने क्लाइंट्स के साथ शिकायतकर्ता के ऑफिस पहुंच गए और दबाव बनाकर दो युवाओं के 8 लाख रुपये तरनप्रीत से ही वापस करवाए, जबकि यह राशि गुरचरण ले चुका था। पैसे वापस मांगने पर गुरचरण फरार हो गया। गुरचरण नवांशहर से और बाकी के दिल्ली व पानीपत से हुए गिरफ्तार।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 22 जुलाई 2025 को सेक्टर-14 थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने साइबर सेल की मदद से 13 नवंबर को मुख्य आरोपी गुरचरण सिंह को पंजाब के नवांशहर से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में गैंग के बाकी सदस्यों का पता चला। इसके बाद 25 नवंबर को दिल्ली के पहाड़गंज से महाराष्ट्र निवासी शहबाज उर्फ प्रजापति उर्फ गौरंग, बिहार के मुंगेर निवासी अनिकेत उर्फ ऋषि और अंशु कुमार को पकड़ा गया। इनमें शहबाज राष्ट्रीय स्तर का बॉक्सिंग खिलाड़ी है। 30 नवंबर को पुलिस ने सोनीपत के गन्नौर निवासी अजय सेठी को गिरफ्तार किया, जो फर्जी नाम पंकज शर्मा का उपयोग कर रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी युवाओं को विदेश भेजने का झांसा देकर मुंबई के एक होटल में लगभग एक माह तक रखते रहे। गिरोह ने राजस्थान में नेटवर्क फैलाने के लिए जयपुर में नया ऑफिस भी खोला था।

अब तक पुलिस ने 8 मोबाइल, 1 लैपटॉप, पंजाब–हरियाणा–चंडीगढ़ के 40 पासपोर्ट, फिनलैंड के 4 टीआरसी कार्ड, 6 चेकबुक, कई मुहरें, करीब 10 एटीएम कार्ड और 6.75 लाख रुपये बरामद किए हैं। गुरचरण के खाते में मौजूद 4 लाख रुपये भी फ्रीज किए गए हैं।

मुख्य आरोपी गुरचरण के खिलाफ पंजाब में 6, अजय सेठी के खिलाफ दिल्ली व सोनीपत में 4 मुकदमे दर्ज हैं। शहबाज और अनिकेत पर सिरसा में भी ठगी के मामले दर्ज हैं।

**दीक्षांत समारोह** राज्यपाल ने राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने में अध्यापक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

# 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्रों को दी डिग्रियां

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़


राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया विद्यार्थियों को डिग्री देते हुए। -समर न्यूज़

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया और युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे से बचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया। रयात बाहरा विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के कुल 951 छात्रों को विश्वविद्यालय के परिसर में हुए 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और डॉक्टरेट की डिग्रियां प्रदान करने के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि एक अध्यापक केवल सबक नहीं देता, वे मानवीय मूल्यों को आकार देते हैं, सपनों को साकार करते हैं और युवा मनों में बेहतर कल की कल्पना के लिए चिंगारी जलाते हैं। छात्रों के सामने आ रही बदलती चुनौतियों को उजागर करते हुए राज्यपाल ने दोहराया कि आज शिक्षकों को न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए, बल्कि बच्चों में भावनात्मक और व्यवहारिक परिवर्तनों को पहचानने में सक्षम सलाहकार के रूप में भी काम करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अध्यापक किसी भी देश के भाग्य के निर्माता होते हैं उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी समाज तब तक प्रगति नहीं कर सकता जब तक उसके शिक्षकों को मजबूत नहीं किया जाता और सम्मान नहीं दिया जाता। राज्यपाल ने कहा कि रयात बाहरा विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों के प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं जो छात्रवृत्ति प्रदान करके और समावेशी शिक्षा को उत्साहित करके, न केवल शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी योग्य छात्र वित्तीय बाधाओं के कारण पीछे न रह जाए।

रयात बाहरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और रयात बाहरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह बाहरा ने इस अवसर पर बोलते हुए ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को बधाई दी और उनके जीवन में सफलता की कामना की। उन्होंने छात्रों को अपने ज्ञान और कौशल को समर्पण और दृढ़ता के साथ समाज की सेवा और बेहतरी के लिए उपयोग करने के लिए कहा।

पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए कड़ी मेहनत और अथक समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रयात बाहरा विश्वविद्यालय ने बाहर जाने वाले छात्रों को बाहरी प्रतिस्पर्धी और मांग वाली दुनिया का सामना करने के योग्य बनाया है। कमांडर नवनीत बाली, कार्यकारी निदेशक और सीईओ, मॉर्गन स्टेनली, यूएसए, और हरि सिंह भांबरा, प्रीत ट्रैक्टर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# 81.06 लाख रुपये की लागत से तैयार दो नए ट्यूबवेल शुरू, लोगों को मिलेगा स्वच्छ पानी

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़


ट्यूबवेल का उद्घाटन करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा। -समर न्यूज़

डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नगर परिषद सीमा के अंतर्गत आने वाले जीरकपुर के बलटाणा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 और 5 में 81.06 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए दो नए ट्यूबवेल का उद्घाटन कर इन्हें आधिकारिक रूप से क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। विधायक रंधावा ने बताया कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छ और पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि हर निवासी को बेहतर और सुगम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि ये नए ट्यूबवेल उन इलाकों में स्थापित किए गए हैं, जहां पिछले समय में पानी की कमी महसूस की जा रही थी। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से सैकड़ों घरों तक स्वच्छ और निर्बाध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। रंधावा ने कहा कि जीरकपुर, डेराबस्सी और आसपास के शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आने दी जाएगी और सरकार शीघ्र ही जन सुविधाओं से जुड़े और प्रोजेक्ट पूरे करवाएगी। इस मौके पर स्थानीय वार्ड निवासी, गणमान्य लोग और विभागीय अधिकारी



# टेस्ट क्रिकेट में 6,000 रन बनाने वाले न्यूज़ीलैंड के पांचवें बल्लेबाज बने टॉम



**क्राइस्टचर्च** । वेस्टइंडीज के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। शतकीय पारी खेलने वाले लैथम न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 6,000 रन पूरे करने वाले पांचवें बल्लेबाज बने। टॉम लैथम ने दूसरी पारी में 250 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 145 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान 142वां रन बनाते ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 6,000 रन पूरे कर लिए। 33 साल के लैथम ने अब तक अपने करियर में 89 टेस्ट मैचों की 160 पारियों में 14 शतक और 31 अर्धशतक लगाते हुए 38.98 की औसत से 6,003 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 264 रन रहा है। लैथम का वनडे में भी शानदार रिकॉर्ड है। 163 वनडे मैचों की 150 पारियों में 8 शतक और 26 अर्धशतक लगाते हुए वे 4,464 रन बना चुके हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 145 रन है।

न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने बनाए हैं। 106 टेस्ट मैचों की 188 पारियों में 33 शतक और 38 अर्धशतक लगाते हुए विलियमसन ने 9,337 रन बनाए हैं।

दूसरे स्थान पर पूर्व कप्तान रॉस टेलर हैं। टेलर ने 2007 से 2022 के बीच 112 टेस्ट में 19 शतक और 35 अर्धशतक की मदद से 7,683 रन बनाए हैं।

स्टीफन फ्लेमिंग तीसरे स्थान पर हैं। पूर्व कप्तान ने 1994 से 2008 के बीच 9 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 7,172 रन बनाए।

चौथे स्थान पर पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैक्कुलम हैं। मैक्कुलम ने 2004 से 2016 के बीच 101 टेस्ट मैचों की 176 पारियों में 12 शतक और 31 अर्धशतक लगाते हुए 6,453 रन बनाए।

# भारत 359 रन बनाकर भी मैच नहीं बचा सका : दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे 4 विकेट से जीता



**रायपुर**। रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का विशाल लक्ष्य भी बचाने में नाकाम रही। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर ला दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा, जबकि ऋतुराज गायकवाड ने भी सेंचुरी लगाई।

कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी बनाकर टीम को 358 के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए। बड़े रन चेज़ में अफ्रीका ने पांचवें ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया, लेकिन कप्तान टेम्बा बावुमा (44) और ऐडन मार्करम ने शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। मार्करम ने शानदार शतक जड़कर चेज़ की नींव मजबूत की। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (54) और मैथ्यू ब्रीट्ज़की (68) ने तेज तर्रार फिफ्टी लगाई और टीम को लक्ष्य के करीब ले आए। 322 रन तक पहुंचने के बाद अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए, लेकिन आखिरी में कॉर्बिन बॉश ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए 37 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को 1-1 सफलता मिली। सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।

# स्वाद के साथ सेहत का खजाना है मक्के की रोटी



**नई दिल्ली**। सर्दियां आते ही खाने की थाली रंगीन हो जाती है। हरी सब्जियां और गाजर पारंपरिक थाली की शान बढ़ाते हैं। इसके साथ ही शरीर को गर्म रखने के लिए बाजरे और मक्के की रोटी भी थाली में शामिल हो जाती है। मक्के की रोटी सिर्फ स्वाद में लाजवाब नहीं होती, बल्कि ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। ये शरीर को गर्म रखने के साथ-साथ शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करती है। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि क्यों सर्दियों में मक्के की रोटी का सेवन करना चाहिए। मक्का में भरपूर मात्रा में विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स होता है, जो शरीर की थर्मल एक्टिविटी को बढ़ाता है। इससे शरीर अंदर से गर्म रहता है और भरपूर ऊर्जा भी बनी रहती है। शीत ऋतु से बचने के लिए मक्के की रोटी का सेवन लाभकारी होगा। सर्दियों में अक्सर वजन तेजी से बढ़ता है, ऐसे में वजन को नियंत्रित करने के लिए भी मक्के की रोटी मदद करती है। मक्के की रोटी भारी होती है और एक बार खाने के बाद लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। मक्के में फाइबर बहुत ज्यादा मात्रा में होता है, जिसकी वजह से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और पेट भी भरा रहता है। मक्के में घुलनशील फाइबर होता है, जो आसानी से आंतों में घुल जाता है। ऐसे में जिन लोगों के पेट से जुड़ी परेशानी जैसे गैस या कब्ज से जुड़ी परेशानियां होती हैं, उनके लिए मक्के की रोटी का सेवन करना अच्छा रहता है। घुलनशील फाइबर आंतों को साफ करने में मदद करता है और पेट की कब्ज को तोड़ता है। इसके साथ ही मक्के का सेवन करने से पाचन अग्नि भी तेज होती है और खाना अच्छे से पचता है। मक्के में फाइबर के साथ पॉलीफेनोल्स भी होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। पॉलीफेनोल्स एक तरह का शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर को कई खतरनाक बीमारियों से बचाते हैं। मक्के के सेवन से बढ़े कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित किया जा सकता है। मक्के में फाइटोन्यूट्रियंट्स गुण भी होते हैं, जो शरीर में विटामिन डी के अवशोषण को तेज करते हैं। शरीर में विटामिन डी की पूर्ति तभी हो पाती है, जब कैल्शियम और बाकी यौगिक सही मात्रा में हों। इसलिए सर्दियों में मक्के की रोटी के साथ धूप बराबर मात्रा में लें। इसके साथ मक्के की रोटी के सेवन से दिमाग तेज होता है, हैप्पी हॉर्मोन बनते हैं, स्किन चमकदार बनी रहती है और शरीर में रक्त का संचार सही तरीके से होता है।

# विद्या बालन के 5 सबसे आइकॉनिक डायलॉग्स के साथ आइए मनाएं 'द डर्टी पिक्चर' का 14 साल का जश्न

**मुंबई**। 14 साल पहले 'द डर्टी पिक्चर' सिर्फ़ रिलीज़ नहीं हुई थी, बल्कि उसने बॉक्स ऑफिस और दर्शकों की सोच, दोनों पर कब्ज़ा कर लिया था। मिलन लूथरिया की यह फ़िल्म एक तूफ़ान की तरह आई और इसने उन सभी अनकहे नियमों को तोड़ डाला, जो सालों से महिला-केंद्रित फ़िल्मों पर लागू होते थे। इस फ़िल्म ने मेनस्ट्रीम फिल्मों में महिलाओं की जगह को न सिर्फ परिभाषित किया, बल्कि विद्या बालन को भारतीय सिनेमा की सबसे निडर और परिवर्तनकारी कलाकारों में शामिल भी कर दिया। 'सिल्क' के किरदार में विद्या ने जिस तरह स्त्री मन की इच्छाओं, कोमलताओं, महत्वाकांक्षाओं और बेफिक्री को आत्मविश्वास से अपनाया, वो आज भी काबिले गौर है। उस वर्ष की राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ फिल्मफेयर और ढेर सारे पुरस्कारों को जीतनेवाली इस फिल्म ने उस दौर में एक मापदंड बनाया, जिससे यह साबित हो गया कि कंटेंट-ड्रिवन, महिला-केंद्रित कहानियाँ भी बॉक्स ऑफिस पर राज कर सकती हैं। यही वजह है कि डायलॉग, संगीत और फ़िल्म की बिंदास कहानी ने 'द डर्टी पिक्चर' न सिर्फ एक पॉप-कल्चर फेनोमेना बनाया, बल्कि एक ऐसा 'मील का पत्थर' बनाया जिसके डायलॉग्स 14 साल बाद भी, सोशल मीडिया, रील्स, मीम्स और आम बातचीत में बार-बार दोहराई जाती हैं। तो आइए फिल्म की 14वीं सालगिरह के मौके पर आइए एक बार फिर दोहराते हैं, 'द डर्टी पिक्चर' के टॉप 5 आइकॉनिक डायलॉग्स, जिसने इस फिल्म को एक कल्ट क्लासिक बना दिया। "कुछ लोगों का नाम उनके काम से होता है। मेरा बदनाम होकर हुआ है।" यह डायलॉग सिल्क के सच्चे, बिंदास और विद्रोही तेवर को पहली ही झलक में सामने लेकर आता है। यही वजह है कि ट्रेलर के साथ वायरल हो चुकी इस लाइन ने सिल्क की पहचान को बिना फिल्टर, बिना डर के परिभाषित किया था।

"फ़िल्में सिर्फ़ तीन चीज़ों की वजह से चलती हैं एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और मैं एंटरटेनमेंट हूँ।" बॉलीवुड इतिहास की सबसे यादगार लाइनों में से एक, यह डायलॉग इतना लोकप्रिय हुआ कि इसके अलग-अलग रूप राजनीति, मार्केटिंग, कॉर्पोरेट, इन्फ्लुएंसर कल्चर हर जगह सुनाई देने लगे थे। और इसी ने सिल्क को "अल्टीमेट एंटरटेनर" के रूप में अमर कर दिया। "जब ज़िंदगी एक बार मिली है तो दो बार क्यों सोचें?" सिल्क का जीवन, फिलॉसफी निडर, आवेगी और चाहतों से भरा था, जिसमें यह लाइन उसकी महत्वाकांक्षा, उसकी भूख और उसकी खुली सोच को दर्शाती है। इसे फिल्म के साथ-साथ ज़िंदगी का भी सबसे प्रेरणादायक और रिलेटेबल डायलॉग कहा जा सकता है। "रात को बारह की सुई की तरह चिपके रहते हो और दिन में छः की तरह।" तेज़, चुटीला और बेहद शार्प, इस डायलॉग में विद्या की असाधारण कॉमिक टाइमिंग झलकती है। नसीरुद्दीन शाह के साथ उनकी यह मज़ेदार नोकझोंक तुरंत वायरल हो गई थी और इसी ने सिल्क के आत्मविश्वासी, दबंग व्यक्तित्व को और मज़बूत किया था। "तारीफ़ में गाली दे रहे हो या गाली में तारीफ़ कर रहे हो?" सिल्क की कमबैक लाइनें हमेशा परफेक्ट होती थीं, और यह उनमें से सबसे शानदार है। ताने और तनाव के बीच बोला गया यह डायलॉग उसके बेबाक अंदाज़ और हर परिस्थिति पर पकड़ को दिखाता है। सच पूछिए तो यह सिर्फ 'द डर्टी पिक्चर' के डायलॉग नहीं, बल्कि एक ऐसी महिला की आवाज़ हैं, जिसने अपनी कहानी खुद लिखी और भारतीय सिनेमा में एक नई कहानी कहने का दौर शुरू किया।

# 52 साल की उम्र में महिमा चौधरी ने संजय मिश्रा को पहनाई वरमाला, शादी के मंत्र सुन डरी एक्ट्रेस



**मुंबई** । 90 के दशक की मशहूर अदाकारा महिमा चौधरी ने अभिनेता संजय मिश्रा के साथ 'दूसरी शादी' कर ली है। दोनों कलाकारों ने मीडिया के सामने एक-दूसरे को न केवल वरमाला पहनाई, बल्कि शादी की पारंपरिक रस्में भी निभाईं। चूंकि महिमा चौधरी और संजय मिश्रा दोनों ही पहले से शादीशुदा हैं, इसलिए फैंस के मन में सवाल है कि आखिर यह दूसरा विवाह क्यों? दरअसल, यह पूरा आयोजन उनकी आगामी फिल्म के प्रमोशन का एक अनूठा तरीका है।

कलाकारों ने अपनी फिल्म को लाइमलाइट में लाने के लिए यह प्रोमोशनल गिमिक अपनाया है। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली है, और गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में महिमा चौधरी और संजय मिश्रा ने स्टेज पर नकली शादी की और एक-दूसरे को वरमाला भी पहनाई। इस दौरान पास बैठे एक शख्स ने माइक लेकर मंत्र पढ़ना शुरू कर दिया, जिसे सुनकर महिमा डर जाती है और कहती है कि मंत्र क्यों पढ़ रहे हो, ये मंत्र शादी वाले असली मंत्र तो नहीं हैं। ये सुनकर सभी हंसने लगते हैं।

इसी के साथ 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का शानदार ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अपने बेटे की शादी कराने के लिए दुर्लभ प्रसाद (संजय मिश्रा) खुद शादी करने के लिए तैयार होते हैं, क्योंकि लड़की के परिवारवालों की शर्त है कि जब तक घर में कोई महिला नहीं होगी, वे बेटी की शादी नहीं करेंगे। ऐसे में दुर्लभ प्रसाद के लिए लड़की खोजने की तैयारी शुरू होती है और एंट्री होती है महिमा चौधरी की, जो सिगरेट से लेकर शराब तक पीती हैं, लेकिन दुर्लभ अपनी समझदारी से महिमा को नशे से दूर करने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर आता है बड़ा ट्विस्ट।

ट्रेलर के आखिरी में कुछ ऐसा होता है, जिससे दुर्लभ प्रसाद और महिमा चौधरी को अलग होना पड़ता है। दोनों का एक वीडियो सामने आता है,जिसकी वजह से उनके बेटे की शादी भी टूट जाती है। फिल्म में कॉमेडी और इमोशन दोनों भरपूर मिलने वाला है। बता दें कि ट्रेलर से पहले फिल्म के टीजर और पोस्टर बहुत पसंद किए थे। फैंस काफी समय ये ट्रेलर रिलीज का इंतजार कर थे लेकिन आज फैंस का इंतजार खत्म करते हुए मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

# सेंट्रल जेल में नशा तस्करी का पर्दाफाश मेडिकल ऑफिसर व तकनीशियन गिरफ्तार

## ▪ कई कर्मचारी रडार पर, यूपीआई माध्यम से लेते थे पेमेंट

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना सेंट्रल जेल के भीतर सुविधाओं के नाम पर चल रहा नशा सप्लाई का गोरखधंधा पुलिस ने बेनकाब कर दिया है। थाना डिवीजन नंबर 7 की टीम ने बुधवार को जेल के मेडिकल विंग से जुड़े दो कर्मचारियों मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रिंस और टीबी तकनीशियन जसपाल शर्मा को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि दोनों अधिकारी कैदियों की मिलीभगत से जेल के भीतर नशीला सामान पहुंचाते थे और बदले में परिजनों से यूपीआई के माध्यम से पेमेंट लेते थे। गिरफ्तारी होते ही जेल का लगभग आधा मेडिकल स्टाफ फरार हो गया, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

**▪ जांच की शुरुआत एक बड़ी बरामदगी से...** *यह पूरा मामला तब खुला जब 27 अक्टूबर को जेल स्टाफ ने एक रूटीन चेक के दौरान पांच हवालातियों से 117 नशीली कैप्सूल और तीन मोबाइल फोन जब्त किए। घटना की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी सुपरिंटेंडेंट जगजीत सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद NDPS एक्ट की धारा 21 और जेल एक्ट की धारा 52A(1) के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने शुरुआती जांच में हवालाती रवि कुमार, अमनदीप कुमार, अजय कुमार, उबैद मसीह और गुलशन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान कैदियों ने खुलासा किया कि नशा सप्लाई में जेल के मेडिकल विभाग के दो कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल हैं। इसके बाद पुलिस ने करीब एक महीने तक दोनों अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखी और संदिग्ध लेनदेन के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दोनों न केवल कैदियों से पैसे वसूलते थे बल्कि कई बार इलाज के बहाने उन्हें सिविल अस्पताल भेजते थे, जहां नशा और कैश का लेनदेन आसानी से हो जाता था। पुलिस की जांच में आरोपियों के खातों से भारी मात्रा में संदिग्ध ट्रांजेक्शन भी मिले हैं।*

**▪ जेल सिस्टम पर लगातार उठ रहे सवाल...** *• लुधियाना जेल में अधिकारियों की संलिप्तता का यह कोई पहला मामला नहीं है।*

*• जनवरी 2024 में असिस्टेंट जेल सुपरिंटेंडेंट गगनदीप शर्मा और सतनाम सिंह इसी तरह के रैकेट में पकड़े गए थे।*

*• 12 नवंबर को लाडोवाल थाने का एक ASI 1 किलो तंबाकू सप्लाई करने की कोशिश में गिरफ्तार हुआ।*

*• 29 अक्टूबर को 3rd IRB के ASI को नशीला पाउडर, तंबाकू और सैशे के साथ पकड़ा गया।*

*• 11 अक्टूबर को LED टीवी के अंदर छिपाकर नशा लाने का मामला सामने आया था, जिसमें एक वरिष्ठ जेल अधिकारी मास्टरमाइंड पाया गया।*

*• लगातार हो रहे ऐसे खुलासों ने जेल प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि नेटवर्क बड़ा हो सकता है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं।*

# संत सीचेंवाल ने किया बूढ़े दरिया का निरीक्षण, 10 दिसंबर तक बंद होगा गंदा पानी

## ▪ हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स में दो अवैध डाइंग यूनिट पकड़ी गईं

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



संत सीचेंवाल ने बूढ़े दरिया का निरीक्षण किया। -समर न्यूज़

बूढ़े दरिया में पानी की गुणवत्ता में आए सुधार का दावा करते हुए राज्य सभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेंवाल ने कहा कि दरिया में पहले की तुलना में अब बदबू काफी कम हो चुकी है। उन्होंने बताया कि हैबोवाल क्षेत्र में जहां पहले पानी का टीडीएस 2000 से ऊपर रहता था, वहीं अब यह करीब 852 पर पहुंच गया है, जो अभियान की सफलता का संकेत है। संत सीचेंवाल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ताजपुर डेयरी कॉम्प्लेक्स से हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स तक बुढ़े दरिया का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों अमृत धर्म कंढा, शिवपुरी, गौघाट, रेलवे लाइन से लेकर हैबोवाल तक—दरिया में गिर रहे गंदे पानी की स्थितियों का जायज़ा लिया। स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं रखते हुए संत सीचेंवाल का धन्यवाद किया कि वे लगातार एक साल से इस मुहिम में जुटे हुए हैं। संत सीचेंवाल ने बताया कि पिछले वर्ष 22 दिसंबर से विशेष अभियान चलाकर पेंडू इलाकों की 79 डेरियों का गोहा व मल-मूत्र दरिया में गिरने से रोका गया है। नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों से गिराए जा रहे करीब 160 एमएलडी गंदे पानी को भी रोकने में सफलता मिली है। नगर निगम कमिश्नर ने 27 नवंबर की बैठक में आश्वासन दिया था कि 10 दिसंबर तक बुढ़े दरिया में गिरने वाला सारा गंदा पानी पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

दौरे के दौरान जब पत्रकारों ने दरिया किनारे फेंके गए मेडिकल वेस्ट की ओर ध्यान दिलाया, तो संत सीचेंवाल के निर्देश पर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरा मेडिकल वेस्ट मानकों के अनुसार उठवाया। दरिया की सफाई के लिए हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स के पास दो एक्सावेटर मशीनें तैनात की गई हैं जो दरिया में जमी गाद को निकालने का काम कर रही हैं।

# हकीकत नगर इलाके में व्यक्ति ने फंदा लगा दी जान

**शेखर वर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना के हकीकत नगर इलाके में बुधवार रात एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिवार में मातम छा गया। मृतक की पहचान राज कुमार (45) के रूप में हुई है। परिवारजनों के मुताबिक वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थे और काम पर जाना भी बंद कर दिया था। कुछ दिन पहले उनका किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था, जिसे लेकर पुलिस में शिकायत भी दी थी। हालांकि यह साफ नहीं है कि आत्महत्या का कारण वही विवाद है या कुछ और, क्योंकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। राज कुमार बुधवार रात रोज की तरह पहली मंजिल पर बने कमरे में सोने गए थे। सुबह जब मां उसे उठाने ऊपर गईं तो उनका बीटा फंदे से लटका पाया। मां के शोर मचाने पर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शव को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के समय घर पर राज कुमार की मां, पत्नी और बच्चे मौजूद थे। सूचना मिलने पर थाना हैबोवाल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच अधिकारी गगनदीप ने कहा कि घटना स्थल से कोई नोट बरामद नहीं हुआ है और फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।

# नई सब्जी मंडी की समस्याओं के समाधान को लेकर मंडी बोर्ड में हुई अहम बैठक

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



बहादुर के रोड़ स्थित नई सब्जी मंडी की लम्बे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आज मंडी बोर्ड स्तर पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। नई सब्जी मंडी के चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल और सचिव हरिंदर सिंह गिल ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट से मुलाक़ात कर मंडी में सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल ने बताया कि आढ़तियों ने करोड़ों रुपये खर्च कर दुकानें खरीदी हैं, लेकिन कुछ दुकानों में फड़ियों के होने के कारण कब्ज़ा देने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि इन फड़ियों को 3 नंबर गेट के अंदर नई जगह बनाकर शिफ्ट किया जाए, ताकि व्यापारियों को उनकी दुकानों का कब्ज़ा मिल सके।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के समय दाना मंडी में करीब 9 करोड़ की लागत से बना बड़ा शेड बेकार पड़ा है। उसमें बनी फड़ियों को ध्वस्त कर वहां मंडी के सीज़न हॉल और एग्ज़िबिशन हॉल बनाने का सुझाव दिया गया है, जिससे मंडी गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। इसी तरह, नई सब्जी मंडी में बने पैक हाउस को भी अनुपयोगी बताते हुए आढ़तियों के लिए फड़ विकसित करने की मांग रखी गई, ताकि व्यापारिक सुविधाएं बेहतर हो सकें।

मंडी कमेटी की ओर से तैयार पूरा प्रस्ताव पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन को सौंप दिया गया। चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट ने आश्वस्त किया कि सभी सुझावों और मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा अधिकारियों से जल्द रिपोर्ट मंगवाकर समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करवाया जाएगा।

### गुरुद्वारा साहिब जा रहे व्यक्ति पर कातिलाना हमला

# बरछी से कार का शीशा तोड़ा, मोबाइल और विदेशी मुद्रा लूटी

**जगमीत सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

फोकल पॉइंट के इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने जा रहे सुरिंदर सिंह पर अज्ञात हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया। सुरिंदर सिंह अपनी इनोवा कार में सवार होकर पत्नी मनदीप कौर के ब्लॉक समिति चुनाव के लिए नामांकन पत्र जमा कराने से पहले धार्मिक स्थल जा रहा था। लेकिन रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार, हमलावरों के हाथ में बरछी थी। उन्होंने कार के ड्राइवर साइड वाला शीशा जोरदार वार से चकनाचूर कर दिया। इसी बीच आरोपियों ने सुरिंदर का मोबाइल फोन छीन लिया, जिसके कवर में ऑस्ट्रेलियाई डॉलर भी रखे हुए थे। लूटपाट के दौरान जब सुरिंदर ने विरोध जताया तो हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकियां दीं। हमले के बाद डर के माहौल में सुरिंदर किसी तरह गाड़ी निकालकर वहां से भागने में सफल हुआ और सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह वारदात किसी रंजिश, धमकी देने या चुनावी माहौल को प्रभावित करने की कोशिश का हिस्सा भी हो सकती है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# खिड़की के रास्ते घर में घुसे चोर 15 तोले सोना व नगदी चुरा हुए फरार

## • सीसीटीवी कैमरों में कैप्चर हुए आरोपी, घटना के समय हिमाचल घूमने गया था परिवार

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



सीसीटीवी में कैप्चर हुई वारदात।





-समर न्यूज़

लुधियाना के न्यू राजगुरु नगर में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी न किसी घर को चोर निशाना बना रहे हैं। ताज़ा मामला अमन पार्क के पास स्थित एक बंद पड़े घर में चोरी का है, जहां खिड़की तोड़कर अंदर घुसे चोर 15 तोला सोना, 75 हजार रुपये नकद और कई महंगी घड़ियां लेकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गए।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**▪ दो दिन के लिए हिमाचल गए थे परिवार वाले...** *पीड़ित सुनील शर्मा ने बताया कि वह न्यू राजगुरु नगर में रहते हैं और मूलरूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। वह सीके बिरला ग्रुप में मैनेजर हैं। बीते दिनों वह परिवार सहित दो दिन के लिए हिमाचल गए थे। वापस लौटकर जब उन्होंने घर का ताला खोला तो देखा कि खिड़की तोड़ी हुई है और पूरा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी और सेफ के ताले टूटे मिले। अंदर रखा 15 तोला सोना, 75 हजार रुपये नकद और कीमती घड़ियां गायब थीं।*

**▪ सीसीटीवी में दिखे बाइक सवार बदमाश...** *सुनील ने पड़ोसियों से जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं देखा। बाद में जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो पता चला कि बाइक पर आए 3 बदमाश चोरी कर भागे हैं। फुटेज में उनके हाथ में दो थैले भी दिखाई दे रहे हैं।*

*सुनील का कहना है कि बदमाश उनकी जीवन भर की मेहनत की कमाई ले गए हैं, जबकि अब तक पुलिस सिर्फ मामला दर्ज करने तक ही सीमित है। हालांकि थाना सराभा नगर पुलिस ने उन्हें भरोसा दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।*

### • लुधियाना कोर्ट परिसर में दो पक्ष आपस में भिड़े

# कड़े से हमला कर तीन घायल, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**सौरव अरोड़ा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना कोर्ट परिसर में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पहली मंज़िल पर मौजूद दो पक्षों के बीच पुराना विवाद अचानक हिंसा में बदल गया। घटना करीब 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष 193/22 के तहत दर्ज सिटी जगराओं थाने के मामले में पेशी पर आए थे। कोर्ट के बाहर बहस शुरू हुई और कुछ ही क्षणों में तनाव हाथापाई तक पहुँच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि दोनों ओर से कड़े से एक-दूसरे पर वार किए गए। मारपीट में गोविंद सिंह, बलजीत और गुरमीत गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को आनन-फानन में सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों ने घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना डिवीज़न 5 की प्रभारी मधुबाला पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि झगड़े के कारणों की जांच की जा रही है और बनती कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोर्ट परिसर जैसे संवेदनशील और सुरक्षित क्षेत्र में हथियारनुमा कड़ा लेकर पहुँचना और हमले की घटना ने सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

पुलिस अब मौके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विवाद कैसे शुरू हुआ और किसने पहले हमला किया। अदालत परिसर में हिंसा की यह घटना वकीलों और आम लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बनी हुई है, जो बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठा रहे हैं।

# न्यू विवेक नगर में निगम की कार्रवाई, अवैध निर्माण सील

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**




न्यू विवेक नगर वार्ड-91 में चल रहे अवैध निर्माण को लेकर समर एक्सप्रेस द्वारा लगातार प्रमुखता से मुद्दा उठाए जाने के बाद नगर निगम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। शिकायतों में बेसमेंट सहित तेज़ी से हो रहे अवैध निर्माण और बाहरी दीवार खड़ी कर अंदर के काम को छिपाने के आरोप लगाए गए थे। कमिश्नर आदित्य डेचलवाल के निर्देश पर निगम की टीम मौके पर पहुँची और चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाते हुए पूरी इमारत को सील कर दिया। निगम की ओर से बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर नोटिस चपका दिया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया है यह बिल्डिंग नगर निगम द्वारा सील की जा चुकी है। बिना अनुमति सील खोलने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। संबंधित एटीपी जगदीप खंगूरा ने बताया कि बिल्डिंग का नक्शा मंजूर नहीं करवाया गया था और इस स्थान पर कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण मान्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पास में बन रही दूसरी इमारत की भी जांच करवाई जाएगी। नगर निगम की इस सख़्त कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि बिल्डिंग मालिक आगे निर्माण से संबंधित सभी नियमों और प्रावधानों का पालन करते हैं या नहीं।

# दो बाइक सवार 505 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

थाना डिवीजन नंबर 3 की पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो तस्करों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों से 505 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों युवक ग्यासपुरा में किसी सप्लायर से नशा लेते थे और शहर के गली-मोहल्लों में इसकी सप्लाई करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुनीष और राहुल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी मुनीष पर इससे पहले भी झपटमारी और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों सहित पांच मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। वही आरोपी राहुल पर पहले कोई मामला दर्ज नहीं था, लेकिन दोनों लंबे समय से साथ मिलकर तस्करी कर रहे थे। एडीसीपी समीर वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी नशे की खेप लेकर निकलने वाले हैं। इसी आधार पर गणेश नगर रोड पर नाकाबंदी लगाई गई। जांच के लिए रोके जाने पर दोनों भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 505 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।अदालत ने दोनों का 5 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया है। पुलिस अब इनके नेटवर्क, संपर्क सूत्रों और पैसे के लेनदेन की जांच कर रही है।

**समस्या** राहों-माछीवाड़ा सतलुज पुल पर रोक के बावजूद निकल रहे भारी वाहन

# सुबह सतलुज पुल पर गन्ने से भरी ओवरलोड ट्राली पलटी

**दीपक कुमार | श्री माछीवाड़ा साहिब**
**समर न्यूज़**



सतलुज पुल पर गन्ने से भरी ट्रॉली पलटी। -समर न्यूज़

करीब एक वर्ष से राहों-माछीवाड़ा सतलुज पुल की स्लैब धस जाने से ये पुल भारी वाहनों के लिए बंद किया गया है, लेकिन बिना किसी रोकटोक के ये भारी वाहन राहों पुलिस के रहमोकरम से रोज़ाना निकल रहे हैं, क्योंकि ये सतलुज पुल नवांशहर प्रशासन की हदबंदी में आता है। रोज़ाना रेत के भरे टिप्पर व ट्रॉलियां, क्रेशर के भरे टिप्पर, गन्ने से भरी ट्रॉलियों समेत कई दूसरे भारी वाहन भी वहां से गुजर रहे हैं, लेकिन प्रशासन शायद किसी बड़ी घटना के इंतजार में है। इस पुल के बाबत पिछले एक वर्ष से न्यूज पब्लिश हो रही हैं, नवांशहर प्रशासन जागता ही नहीं है। जब भी प्रशासन से बात करनी चाही है, या तो वो फोन पर उपलब्ध नहीं होते और या फिर अपना रटा रटाया ब्यान दे देते हैं कि जल्द ही पुल को मुरम्मत कर दिया जाएगा। पर ऐसा होता नहीं है, क्योंकि प्रशासन हमेशा किसी बड़े हादसे के बाद ही जागता है।

आज सुबह गन्ने से भरी एक ट्राली सतलुज पुल पर बेकाबू होकर पलट गई, गनीमत रही कि कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ। ट्राली पलट जाने की वजह से ट्रैफिक की काफी समस्या बनी रही, लोगों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी गन्ने की 30-35 ट्रॉलियां और टिप्पर गुजरते रहे।

**▪ हम बुरी तरह बेबस हैं- एएसआई अशोक कुमार**

*जब इस संबंधी राहों पुलिस के एएसआई अशोक कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम बुरी तरह से बेबस हैं। हम अपने सीनियर अधिकारियों तक सूचना दे देते हैं, फिर वो जो हमें निर्देश देते हैं, उनकी पालना करते हैं। उन्होंने माना कि दोनों साईड से भारी वाहन इस पुल से गुज़र रहे हैं।*

# डिप्टी मेयर ने किया ज़ोन-ए- दफ्तर का निरीक्षण, वाटरप्रूफिंग कार्य पूरा



**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

नगर निगम माता रानी चौक ज़ोन-ए दफ़्तर की छत पर कराया गया वाटरप्रूफिंग कार्य पूरा होने के बाद डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने आज स्थल का निरीक्षण किया। बरसात के मौसम में दफ़्तर की छत पर कई स्थानों पर सीलन और पानी टपकने की शिकायतें मिली थीं, जिसके बाद यह कार्य करवाया गया था। निरीक्षण के दौरान डिप्टी मेयर ने महिला कर्मचारियों और आने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दफ़्तर में एक अतिरिक्त महिलाओं का वॉशरूम स्थापित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में ग्राउंड फ़्लोर पर स्थित महिला शौचालय की हालत ख़राब होने के कारण लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। इस मौके पर निगम के एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह, एटीपी गुरविंदर सिंह, एसडीओ अक्षय बंसल, ठेकेदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी मेयर राकेश प्रशार ने कहा कि छत का वाटरप्रूफिंग कार्य पूरा हो गया है और अब भविष्य में पानी टपकने की समस्या नहीं आएगी।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 90